ग्लोब कार्यक्रम

www.globe.gov

एम.यू.सी. क्षेत्र मार्गदर्शक

भूमि आवरण के वर्गीकरण की शैली

ग्लोब क्षेत्रीय कार्यालय : एशिया–प्रशान्त क्षेत्र
तथा
भारतीय पर्यावरण समिति

सौजन्य से:
जन मामले विभाग
अमेरिकी दूतावास, नई दिल्ली

ग्लोब कार्यक्रम

विश्व स्तर पर जानकारी तथा अवलोकन ताकि पर्यावरण को लाभ मिले

www.globe.gov help@globe.gov

ग्लोब कार्यक्रम विज्ञान तथा शिक्षा से सम्बन्धित ऐसा कार्यक्रम है जिसमें स्वयं करने की व्यवस्था है और यह विश्व स्तर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा वैज्ञानिकों को एक जगह लाता है। इसका उद्देश्य पृथ्वी के वातावरण की गति का अध्ययन तथा शोध करना होता है। सैंकड़ों हजार विद्यार्थी जो ग्लोब कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं तथा जो 112 देशें में रहते हैं उन्होंने लाखों मापन से वायुमण्डल/जलवायु, जलविज्ञान, मृदा, भूमि पर उपस्थित जीव/जीव विज्ञान, तथा ऋतु जैविकी से सम्बन्धित आंकड़े प्रतिवेदित किए हैं।

ग्लोब कार्यक्रम का कार्यान्वयन एक विश्वस्तरीय कार्यक्रम के द्वारा होता है जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक, तथा उच्च विद्यालय शामिल हैं। प्रशिक्षित शिक्षकों की देख रेख में, ग्लोब से जुड़े विद्यार्थी :

- अपने स्कूल में या आस–पास पर्यावरण संबंधी मापन करते हैं
- इंटरनेट के माध्यम से ग्लोब अभिलेखागार में अपने आंकड़ों का प्रस्तुत करते हैं
- ग्लोब के आंकड़ों के विश्लेषण के लिए नक्शे तथा ग्राफ तैयार करते हैं
- वैज्ञानिकों तथा दूसरे ग्लोब से जुड़े छात्रों के साथ विश्व स्तर पर सहायोग करते हैं।

जो आंकड़े तैयार होते हैं वे पूरे विश्व के विज्ञान समुदाय के लिए इंटरनेट के माध्यम से बिना किसी अवरोध के उपलब्ध हैं। स्कूलों के लिए भी ये आंकड़े उपलब्ध हैं विद्यार्थियों द्वारा पूछताछ के लिए, वैज्ञानिक शोध के लिए भी, विद्यार्थी–वैज्ञानिक भागीदारी के लिए भी, तथा विश्व स्तर पर स्कूलों के बीच आपस में सहयोग के लिए। आयु के हिसाब से उपयुक्त शिक्षा सामग्री तैयार की गई है पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिकों तथा शिक्षकों द्वारा। वह सामग्री ग्लोब शिक्षकों के लिए साधन का काम करती है।

संयुक्त राज्य में ग्लोब का प्रबंधन होता है एक अन्तर एजेंसी कार्यक्रम की तरह National Oceanic and Atmospheric Administration, National Aeronautics and Space Administration, National Science Foundation, Environmental Protection Agency तथा U.S. Department of Education and State द्वारा। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ग्लोब कार्यक्रम का कार्यान्वयन होता है द्विपक्षीय समझौतों के माध्यम से संयुक्त राज्य सरकार तथा साझेदार राष्ट्रों के सरकार के साथ।

ग्लोब के विषय में और अधिक जानकारी के लिए कृपया सम्पर्क करें ग्लोब सहायता डेस्क से 1–1800–858–9947 या इस पते पर ई–मेल भेजें : help@globe.gov

एम.यू.सी. क्षेत्र निर्देश का उपयोग किस प्रकार करें

यह निर्देशिका इस प्रकार तैयार की गई है कि यह आपको एम.यू.सी. स्तर में ले जाएगी अत्यन्त साधारण (स्तर–1) से अत्यधिक विस्तृत स्तर की ओर। अत्यन्त विस्तृत स्तर होगा चाहे 2, 3 या 4 जो इस बात पर निर्भर करेगा कि किसी खास स्थान पर भूमि आवरण वर्ग किस प्रकार का है। प्रत्येक स्तर पर, आप से एक या अधिक प्रश्न पूछे जा सकते हैं आपके स्थल के विषय में या आपको कुछ विकल्प दिए जा सकते हैं जिनमें से सब से उत्तम विकल्प चुनना होगा आपका अपने स्थल से संबंधित। आपका चुनाव या आपका उत्तर जो आप प्रश्न के लिए देंगे (प्रायः 'हां' या 'नहीं') आपको अगले प्रश्न की ओर ले जाएगा जब तक कि आप अपने स्थल के विषय में सब से अधिक विशिष्ट एम.यू. सी. स्तर तक नहीं पहुंचते हैं। जब आप सब से अधिक विस्तृत विवरण तक पहुंच जाएंगे तो आप को बताया जाएगा कि "हो गया"।

प्रत्येक स्तर में हर एक वर्ग के लिए एक विशिष्ट पहचान या संख्या संकेत है। आपके सबसे अधिक विस्तृत वर्गीकरण की पहचान होगी ऐसी संख्याओं की एक श्रृंखला से। इस क्षेत्र निर्देशिका में प्रत्येक एम.यू.सी. स्तर के लिए शब्दावली भी दी गई है। ऊपर दिए गए प्रश्न तथा परिभाषा पृष्ठ के बायीं ओर दिए गए हैं। पृष्ठ के दाहिनी तरफ ऐसे शब्दों की परिभाषा हो.सकती है जिनका उपयोग एम.यू.सी. वर्ग में हुआ है, और कुछ टिप्पणी भी हो सकती है आपकी सहायता के लिए जो आपको सही चयन करने में सहायक होगी। पूरे निर्देश में जगह जगह चित्रांकन भी किया गया है ताकि आपको वनस्पति के प्रकार को समझने में सहायता मिले, और आपको उन नियमों का ज्ञान हो जिनका उपयोग एम.यू.सी. प्रणाली में हुआ है। निर्देशिका के अन्त में एक तालिका है जो एम.यू.सी. के सभी वर्गों को दर्शाती है।

कुछ एम.यू.सी. परिभाषा में किसी खास जगह या पौधे का उदाहरण भी है। वह केवल उदाहरण है। दूसरी जगह पर भी वही वर्गीकरण मिल सकता है, तथा कोई स्थल बताए गए वर्गीकरण के अनुरूप हो सकता है, जबकि उदाहरण के लिए दी गई जातियां वहां नहीं भी हों। आप अगर चाहें तो किसी स्थानीय विशेषज्ञ से सलाह भी कर सकते हैं अपने क्षेत्र से संबंधित विशिष्ट उदाहरण के विषय में।

मुख्य घटक जो वनस्पति को प्रभावित करते हैं–अक्षांश

प्रायः एम.यू.सी. का उपयोग करते समय आप को यह जानकारी होनी चाहिए कि जिस जगह आप हैं वह किस जलवायु संबंधी क्षेत्र में है। चूंकि पृथ्वी की धुरी झुकी हुई है। इस कारण सूरज की रोशनी तथा तापक्रम समान रूप से बंटे हुए नहीं हैं। पृथ्वी को बांटा जा सकता है। सामान्य रूप से जलवायु संबंधी कई भाग में। जैसा कि चित्र–1 में दिखाया गया है। अलग अलग भाग की सीमाएं बदलती रहती हैं क्योंकि जलवायु पर दूसरे घटकों का भी प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए पहाड़ों तथा महासागर से निकटता।

ध्रुवीय के अतिरिक्त, शीतोष्ण तथा उष्णकटिबंधी क्षेत्र जिन्हें चित्र संख्या–1 में दिखाया गया है। एम.यू.सी. उनके लिए 'अधउष्ण कटिबंधी' तथा अधध्रुवीय शब्द का भी उपयोग करता है। इसलिए जब आप उस स्थान का वर्गीकरण करें जहां आप हैं पृथ्वी पर तो नीचे दी गई परिभाषा का उपयोग करें ताकि आप आसानी से सही एम.यू.सी. वर्ग चुन सकें।

उष्णकटिबंधी : *भूगोल की भाषा में यह वह क्षेत्र है जो कर्क रेखा (23'27' उत्तर) तथा मकर रेखा (23'27' दक्षिण) के बीच आता है। इसमें उष्णकटिबंधी पर्वतीय तथा पर्वत शिखरीय क्षेत्र भी शामिल होते हैं। जलवायु के आधार पर उष्णकटिबंधीय क्षेत्र उसे कहा जाता है जहां तापक्रम कभी भी उतने से नीचे नहीं जाता है जहां पानी बर्फ बन सके। शीतोष्ण क्षेत्र में, पानी के पास के स्थान को उष्णकटिबंधी माना जाता है अगर सबसे ठंडे महीने का औसत तापक्रम 18 डिग्री सी. से ऊंचा रहता है। वर्ष के औसत तापक्रम में कम बदलाव होता है, पूरे साल अधिक वर्षा होती है, वैसे उष्णकटिबंधी क्षेत्र में पहाड़ी इलाकों में अधिक परिवर्तन होता है। जैसे जैसे भूमध्य रेखा से दूरी बढ़ती है ठंड का मौसम लंबा होता जाता है तथा वर्षा की मात्रा कम होती जाती है।*

अधउष्णकटिबंधी : *उष्ण कटिबंधी क्षेत्र का वह भाग जहां मौसम के अनुसार तापक्रम तथा नमी में परिवर्तन होता रहता है, जलवायु के अनुरूप मौसम के साथ जो परिवर्तन होता है उसकी खासियत होती है सूखा तथा गीला मौसम। गरम तथा ठंडा मौसम नहीं होता है। ऐसे क्षेत्र के कुछ भाग में शून्य से नीचे तक तापक्रम चला जाता है। परन्तु बहुत कम ही ऐसा होता है कि बर्फ बनने वाला तापक्रम 24 घंटे से अधिक रहता हो।*

शीतोष्ण : *शीतोष्ण क्षेत्र में बदलते मौसम के साथ तापक्रम में काफी परिवर्तन होता है। इसे क्षेत्र नीचे के अलग अलग वर्गों में बांटा जा सकता है।*

गरमशीतोष्ण : *बहुत हल्का या बिलकुल ही नहीं के बराबर शीतकाल होता है। बहुत अधिक वर्षा होती है खासकर गरमी के मौसम में।*

ठंडाशीतोष्ण : *ठंडा परंतु कम समय का शीतकाल या फिर ऐसा शीतकाल जिसमें पाला नहीं पड़ता है, गरमी का मौसम भी काफी ठंडा होता है। (खासकर महासागरों के निकट) (उदाहरणः मध्य यूरोप तथा तटवर्तीय उत्तरीपूर्व संयुक्त राष्ट्र अमरीका)*

सूखाशीतोष्ण : *गरमी तथा शीत ऋतु में तापक्रम में अधिक अन्तर वृष्टिपात बहुत कम।*

ठंडाशीतोष्ण : *ठंडा तथा भीगा गरमी का मौसम, शीत ऋतु ठंडा तथा छः महीनों से अधिक समय के लिए।*

भूमध्य : *शीत ऋतु में वर्षा होती है। बर्फ नहीं गिरती है और गरमी का मौसम सूखा होता है।*

अधध्रुवीय : *यह क्षेत्र ठंडा शीतोष्ण तथा ध्रुवीय इलाके के बीच होता है।*

ध्रुवीय : *ध्रुवीय जलवायु में सब से गरम महीनों में तापक्रम औसत तापक्रम 10 डिग्री से. से कम रहता है। वृष्टिपात कम होता है जो पूरे साल चलता है। गरमी का मौसम छोटा, भीगा तथा रातों के बिना होता है। शीत ऋतु बहुत लंबी, ठंडी तथा अंधकारपूर्ण होती है। साधारणतः जलवायु बहुत अधिक ठंडी रहती है। इस कारण इस क्षेत्र में पेड़ नहीं उगते हैं। भौगोलिक तौर पर यह क्षेत्र दक्षिण तथा उत्तरी ध्रुवीय प्रदेश से ध्रुवों की ओर होता है।*

विश्व के जलवायु क्षेत्र
उत्तर ध्रुवीय वृत्त
कर्क रेखा
भूमध्य रेखा
मकर रेखा
दक्षिण–ध्रुवीय वृत्त
ध्रुवीय क्षेत्र
शीतोष्ण क्षेत्र
उष्णकटिबंधी क्षेत्र
शीतोष्ण क्षेत्र
ध्रुवीय क्षेत्र

चित्र–1

मुख्य घटक जो वनस्पति को प्रभावित करते हैं–उन्नतांश

उन्नयत में परिवर्तन के कारण भी पर्यावरण में उसी प्रकार का परिवर्तन हो सकता है जिस प्रकार का परिवर्तन अक्षांश में परिवर्तन के कारण होता है। औसतन प्रत्येक 150 मीटर की ऊंचाई के बढ़ने के कारण 1° से वार्षिक तापमान कम होता है, तथा, वनस्पति के उगने के मौसम में भी परिवर्तन होता है जिस प्रकार कि अगर हम ध्रुव की ओर 400 से 500 कि.मी. बढ़ें। (जो लगभग चार से पांच डिग्री अक्षांश के बराबर होता है।) पर्वतों की चोटियों को हम वायुमंडल के द्वीप की तरह समझ सकते हैं। उत्तरी गोलार्ध में वह जातियां जो उत्तर में मिलती हैं वह दक्षिण की ओर अपना फैलाव बढ़ाती जाती हैं पर्वतों पर। कारण है कि पर्वतों के ऊपर की स्थिति वैसी ही होती है जैसी कि उस क्षेत्र में जहां उत्तरी अक्षांश बढ़ रहा हो।

इसके अतिरिक्त उन्नयत बढ़ने से वृष्टिपात में भी अंतर होता है। पर्वत श्रृंखला की उपस्थिति के कारण नम हवा ऊपर उठती है तथा उसमें मौजूद नमी पूरी तरह वृष्टिपात के रूप में गिर सकती है। जब वह हवा पर्वत के दूसरी ओर पंहुचती है तो वह सूखी होती है और उस क्षेत्र में वर्षा नहीं हो सकती है। मरूभूमि तथा अर्धशुष्क क्षेत्र उसी प्रकार बनते हैं।

एम.यू.सी. कुछ खास शब्दों का उपयोग करता है जैसे कि "निम्न भूमि", "अध–पर्वतीय", "पर्वतीय", "अधपर्वतशिखरीय" तथा "पर्वत शिखरीय" / चित्र संख्या 2 तथा नीचे दी जाने वाली परिभाषाएं आपकी सहायता करेंगी सही एम.यू.सी. वर्ग का चयन करने में।

निम्न भूमि : *जमीन का वह भाग जो अपने चारों तरफ के क्षेत्र से नीचा हो।*

अध–पर्वतीय : *किसी पर्वत या पर्वत श्रृंखला के आधार में पाया जाने वाला क्षेत्र।*

पर्वतीय : *पर्वतीय क्षेत्र में बसने वाला।*

अध–पर्वतशिखरीय : *किसी पर्वत का वह भाग जो वृक्ष सीमा के ठीक नीचे हो।*

पर्वत शिखरीय : *पर्वत का वह क्षेत्र जो वृक्ष सीमा के ऊपर हो।*

नोट : *कभी कभी यह आवश्यक हो सकता है कि स्थानीय स्रोत से चर्चा की जाए ताकि सही वर्गीकरण हो सके। जहां तक वनस्पतियों का संबंध है तो वह अक्षांश तथा उन्नतांश के बदलने से बदल सकता है।*



चित्र–2



शुरूआत

क. क्या वह स्थल विकसित है?

अगर हां, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
विकसित में	**प्राकृतिक में**
(नीचे)	(पृष्ठ–2)

विकसित

इन दो में से कौन सा विकल्प आप के स्थल को अच्छी तरह दर्शाता है? **(कृष्ट भूमि या शहरी क्षेत्र)**

कृष्ट भूमि

भूमि के 60 प्रतिशत से अधिक का भाग ऐसी जातियों से घिरा है जो उस क्षेत्र की नहीं हैं अर्थात उगाई जाने वाली जातियों से (जैसे कि कृषि फसल, फलदार वृक्ष, उगाई जाने वाली छोटी घास तथा शादवल भूमि)। उन्हें आसानी से पहचाना जा सक्ता है क्योंकि खेत तथा लॉन खास आकार के होते हैं।

अगर ऐसा है तो **एम.यू.सी. 8** में जाएं।

शहरी

ऐसे क्षेत्र जिनका विकास किया गया हो बसने के लिए, व्यापारिक गतिविधि के लिए या उद्योग के लिए या परिवहन के लिए। 40 प्रतिशत से अधिक भूमि शहरी कार्य के लिए होनी चाहिए।

अगर ऐसा है तो, **एम.यू.सी. 9** में जाएं

नोट : *आपको पहले यह निश्चय करना चाहिए कि आपका स्थल विकसित है या प्राकृतिक। प्राकृतिक भूमि वह है जहां वर्तमान में मनुष्य का हस्तक्षेप नहीं हो। उदाहरण के लिए घना जंगल, वनस्थली, झाड़ी वाला क्षेत्र, छोटी झाड़ियों से भरा, शाकीय वनस्पति वाला क्षेत्र, नम भूमि, खाली पड़ी भूमि या आरक्षित जल।*

विकसित भूमि ऐसे क्षेत्र को कहते हैं जिसे हस्तक्षेप का सामना हो। उदाहरण के लिए काटा हुआ, सजाया हुआ, सिंचित, या जहां से काट कर कुछ हांसिल किया जाता हो या ऐसे रेवड़ जिसकी देखभाल की जाती हो या भूमि पर उर्वरक डाला जाता हो। इस समूह में शहरी क्षेत्र तथा कृषि वाले क्षेत्र आएंगे। उदाहरण–कृषि भूमि, खेल के मैदान, गोल्फ के मैदान इत्यादि।

कभी कभी जब किसी भूमि के विषय में यह निश्चित करना हो कि वह किस वर्ग में आता है तो ऐसी भूमि भी होगी जिसके विषय में फैसला करना कठिन हो सकता है। ऐसी स्थिति में आप स्वयं वहीं फैसला करें जो आप को सबसे अधिक सही लगता हो।

प्राकृतिक

क. क्या आपका स्थल नम भूमि है?

अगर हां, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.6 में	**''ख'' में**
(पृष्ठ–99)	(नीचे)

नोट : *नम भूमि में तरह तरह के पेड़ पौधे होते हैं जो ऐसी मिट्टी में उग सकते हैं जो कभी कभी या स्थायी रूप से पानी से संतृप्त रहता है। उगने के मौसम में वहां कम से कम 40 प्रतिशत जगह पर वनस्पति होनी चाहिए। कुछ ऐसे भी घास के मैदान होते हैं जो खास मौसम में पानी से भर जाते हैं। उन्हें एम.यू.सी. में घास के मैदान के रूप में वर्गीकृत किया जाता है न कि नम भूमि के रूप में।*

ख. उगने के मौसम में या बढ़ने के मौसम में क्या 40 प्रतिशत से अधिक भाग उस स्थल वृक्षों के वितान से घिर जाता है? ऐसे वृक्ष जो कम से कम पांच मीटर ऊंचे हों।

अगर हां, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
वृक्षों में	**''ग'' में**
(पृष्ठ–3)	(नीचे)

नोट : *जब एम.यू.सी. तरीके का उपयोग करते हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि वृक्ष कम से कम 5 मीटर ऊंचे हों। नए या छोटे वृक्ष जो 5 मीटर से कम ऊंचे होते हैं उन्हें झाड़ियों के वर्ग में रखा जाता है।*



ग. क्या उस स्थल का 40 प्रतिशत से अधिक झाड़ियों से घिरा हुआ है?

अगर हां, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
झाड़ियों में	**''घ'' में**
(पृष्ठ–4)	(पृष्ठ–5)

वृक्ष

इनमें से कौन से विकल्प **(घना जंगल या वन स्थली)** आपके स्थान को सब से अच्छी तरह दर्शाता है।

नोट : घना जंगल तथा वनस्थली के बीच जो मुख्य अंतर है वह है कि क्या 50प्रतिशत से अधिक शाखाएं वृक्षों के शीर्ष भाग से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। नीचे के चित्रों को देखें जहां वृक्षों के शीर्ष की शाखाएं एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं या नहीं जुड़ी हुई हैं।

घना जंगल

क्या वृक्षों के शिखर 5 मीटर से अधिक ऊंचे हैं तथा एक दूसरे से जुड़े हुए हैं ?
अगर हां, तो **एम.यू.सी. 0** (पृष्ठ–7) में जाएं।

वनस्थली

क्या वृक्षों के शिखर 5 मीटर से अधिक ऊंचे हैं परंतु एक दूसरे से जुड़े हुए नहीं हैं?
अगर हां, तो **एम.यू.सी. 1** में जाएं (पृष्ठ–31)









झाड़ियां

नीचे दिए गए दो विकल्प में से कौन सा विकल्प (झाड़ियों से या छोटी छोटी झाड़ियों से भरी भूमि) आपके स्थान से बेहतरीन तरीके से दर्शाता है।

नोट : इन दो तरह के क्षेत्र में जो मुख्य अंतर होता है वह है झाड़ियों की ऊंचाई।

झाड़ियों से भरी भूमि

झाड़ियों के शीर्ष भाग इस प्रकार हो कि आपस में गुथे हुए हों, जुड़े हुए हों या जंगली पेड़ पास पास उग रहे हों जिनकी ऊंचाई आधे मीटर से 5 मीटर तक हो।

अगर हाँ तो **एम.यू.सी. 2** (पृष्ठ 41) पर जाएं।

छोटी झाड़ियों से भरी भूमि

झाड़ियां 50 सें.मी. अधिक ऊंची विरले ही होती हैं (कभी कभी ऐसे क्षेत्र को बंजर या बंजर जैसा कहा जाता है।)

अगर हाँ तो **एम.यू.सी. 3** (पृष्ठ 50) पर जाएं।



घ. नीचे दिए गए तीन विकल्पों में से कौन सा विकल्प आप के स्थान के लिए सब से अधिक सही लगता है ? **(शाकीय वनस्पति, बंजर भूमि या बाहरी जलीय निकाय)**

शाकीय वनस्पति

ऐसे क्षेत्र जहाँ मुख्य रूप से शाकीय वनस्पति उगते हैं। यह वनस्पति दो में से किसी एक मुख्य प्रकार के हो सकते हैं : घास जैसे या फोर्ब्स/भूमि का 60प्रतिशत अधिक शाकीय वनस्पति से ढका होना चाहिए।

अगर हाँ तो **एम.यू.सी. 4** (पृष्ठ–61) में जाएं।

झाड़ियों से भरी भूमि

ऐसी भूमि जहां वनस्पतियां 40प्रतिशत से कम भाग को ढके हुए हों। बंजर भूमि में जीवन को पोषण देने की क्षमता सीमित होती है तथा मिट्टी बहुत कम गहरी।

अगर हाँ तो **एम.यू.सी. 5** (पृष्ठ 96) पर जाएं।

बाहरी जलीय निकाय

झील, तालाब, नदी तथा समुद्र इस वर्ग में आते हैं। वहां भूमि पानी के नीचे होती है जिसकी गहराई 2मीटर से अधिक हो तथा जिसका आकार एक हेक्टेयर से कम नहीं हो। या लगातार पानी में डूबा हो जहां पानी बहता रहे या अधजवारीय क्षेत्र हो। दूसरी बात यह कि उस क्षेत्र का 60प्रतिशत से अधिक भाग पानी से भरा हो।

अगर हाँ तो **एम.यू.सी. 7** (पृष्ठ 101) पर जाएं।

फोर्ब्स : *यह चौड़ी पत्तियों वाली शाकीय वनस्पतियां होती हैं। उदाहरण : सूरजमुखी, तिपतिया, फर्न, दुग्ध खरपतवार।*

Graminoids : *इन में सभी शाकीय घास या घास जैसी दिखाई देने वाली वनस्पति आती हैं। उदाहरण : नरकट, जलवेंत, Typha.*

Herbacoons : *इसका अर्थ होता है शाकीय वनस्पति जो कि वृक्ष संकुल पेड़ पौधों से भिन्न होते हैं। संवहनी वाले पौधे जिनकी जड़े जमीन के भीतर होती है तथा पत्तियां साल में एक बार अवश्य मरती हैं। तना का बढ़ने वाला भाग या सिरा जमीन के ठीक ऊपर या नीचे होता है।*





एम.यू.सी. 0 घना जंगल

ऐसा जंगल बनता है जब कम से कम 5 मीटर ऊंचे वृक्ष उगते हैं जिनका शीर्ष भाग एक दूसरे से जुड़ा होता है। वृक्षों के शीर्ष भाग कम से कम 40 प्रतिशत भूमि को ढके होते हैं।

क. क्या आपका स्थान बहुत अधिक सूखे अर्थात शुष्कतानुकूलित जलवायु क्षेत्र में है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 03 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–29)	(नीचे)

ख. क्या कम से कम 50प्रतिशत वृक्ष जो शीर्ष भाग तक पहुंचते हैं सदा हरे भरे अर्थात पत्तियों वाले होते हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 01 में	**एम.यू.सी. 02 में**
(नीचे)	(पृष्ठ–24)

एम.यू.सी. 01

मुख्यतः सदाहरित वृक्षों का शीर्ष भाग कभी भी हरी पत्तियों से खाली नहीं रहता है। कम से कम 50 प्रतिशत वृक्ष जो शीर्ष तक पहुंचते हैं, वे सदाहरित हैं। अलग अलग वृक्ष अपनी पत्तियां गिरा सकते हैं।

क. क्या आपका स्थल उष्णकटिबंधी क्षेत्र में है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
"ख" में	**"ग" में**
(पृष्ठ–8)	(पृष्ठ–10)

Xeromorphic (शुष्कतानुकूलित) : *जलवायु की स्थिति ऐसी जो ऐसे पेड़ पौधों के विकास में सहायक हो, जो उस प्रकार के वातावरण में उग सकते हैं जहां स्वच्छ जल नहीं है। शुष्कतानुकूलित वातावरण में उगने वाले पौधों में बाहरी परत मोटी होती है, पत्तियों का आकार छोटा होता है। उन पर मोम की परत होती है। चमकदार होते हैं। Xeromorphic शब्द बना है "Xero" जिसका अर्थ होता है "शुष्क" तथा "morphic" से तथा जिसका अर्थ है "रूप"।*

Evergreen : *ऐसे पेड़ पौधे जिन पर पूरे वर्ष हरी पत्तियां लगी होती हैं। पत्तियां तब तक बनी रहती हैं, जब तक कि नई पत्तियां निकल नहीं आती हैं पुरानी पत्तियों का स्थान लेने के लिए। यह क्रम पूरे वर्ष तक चलता रहता है धीरे धीरे जिस कारण वृक्ष कभी भी नंगा नहीं होता है। सदैव कुछ पत्तियां अवश्य होती हैं जो एक वर्ष से अधिक आयु की होती हैं।*

Deciduous (पतझड़ी) : *ऐसी वनस्पति जो उगने के मौसम के अंत में पत्तियों को गिरा देती हैं या जब मौसम अनुकूल नहीं हो तब गिरा देती हैं।*

नोट : *कृपया पृष्ठ IV को देखें उष्णकटिबंधी तथा अधउष्ण कटिबंधी की परिभाषा के लिए।*

ख. क्या 50प्रतिशत से अधिक वृक्ष में सूई के आकार की या शल्क के आकार की पत्तियां हैं?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 018 में** (पृष्ठ–21)

अगर नहीं, तो जाएं **"ग" में** (नीचे)



चौड़ी पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां चौड़ी हों, चपटी हों। सुई जैसी नहीं हों।*

सूई के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां पतली तथा लंबी हों।*

शल्क के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां छोटी हों, एक दूसरे पर चढ़ी हों तथा जो तने पर समतल रूप से लगी हों।*

ग. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से कौन सा विकल्प आपके स्थल का सबसे उत्तम तरीके से वर्णन करता है? **(एम.यू.सी. 011, एम.यू.सी. 012, एम.यू.सी. 013, या एम.यू.सी. 014)**।

नोट : *इन चार विकल्पों में से एक को चुनिए उष्णकटिबंधी तथा अधउष्ण–कटिबंधी में से खासकर सदाहरित घने जंगल में से । यह सभी परिवर्ती होते हैं। जैसे जैसे हम उष्णकटिबंधी से अधउष्णकटिबंधी की ओर या बहुत वर्षा वाले क्षेत्र से शुष्क वातावरण की ओर बढ़ते है।*

एम.यू.सी. 011

उष्णकटिबंधी (वर्षा वाला) प्रायः हरे उष्णकटिबंधी वर्षा वन के नाम से जाना जाता है। मुख्य रूप से इसमें चौड़ी पत्तियों वाले सदाहरित वृक्ष होते हैं। वह वृक्ष न तो ठंड का सामना कर सकते हैं न सूखे का। सही अर्थ में सदा हरित होते हैं। अर्थात जंगल का शीर्ष भाग पूरे वर्ष हरा रहता है। वैसे कुछ एक वृक्ष कुछ सप्ताह के लिए पत्ती रहित हो सकते हैं। बहुत सी जाति के वृक्ष में पत्तियों का सिरा नुकीला होता है।

अगर हां, तो पृष्ठ–12 पर जाएं।

एम.यू.सी. 012 उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी मौसमी

उष्णकटिबंधी तथा अथउष्णकटिबंधी मौसमी अधिकतर चौड़ी पत्ती वाले सदाहरित वृक्षों वाला वन होता है। शुष्क मौसम में पत्तियां कम होती हैं, प्रायः आंशिक रूप से पत्तियां झड़ जाती हैं। ऐसे वन परिवर्ती होते हैं। उष्णकटिबंधी वर्षा वन तथा उष्णकटिबंधी और अधउष्णकटिबंधी अर्ध पतझड़ वाले वनों के बीच।

अगर हाँ, तो पृष्ठ–14 पर जाएं।

एम.यू.सी. 013 उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी अर्ध पतझड़ वाले

वह वृक्ष जिनके वितान ऊंचे होते हैं वह सूखे मौसम में अधिकतर पत्तियों को गिरा देते हैं जब कि नीचे उगने वाले वृक्ष तथा झाड़ियां सदा हरित रहते हैं और अधिकतर की पत्तियां दृढ़ होती हैं। परंतु सदाहरित तथा पतझड़ वाले वृक्ष तथा झाड़ियां सदैव अलग अलग स्तर के रूप में नहीं होते। वह एक ही स्तर में मिले हुए हो सकते हैं। ऐसा भी होता है कि झाड़ियां पतझड़ वाली हों और वृक्ष सदा हरित/लगभग सभी वृक्षों में कलियों को सुरक्षा मिलती है खास प्रकार के क्वच से तथा पत्तियों का सिरा नुकीला नहीं होता है। वृक्ष की छाल खुरदरी होती है कुछ खास प्रकार के वृक्ष को छोड़ कर।

Sclerophyllous : *ऐसा पौधा जिस पर सदाहरित पत्तियां होती हैं। जो मोटी, सख्त तथा चीमड़ होती हैं। इस कारण पानी का सूखना कम होता है। ऐसी वनस्पति उस क्षेत्र में जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है और सर्दी के मौसम में बहुत कम वर्षा होती है जिसे पहले से जाना जा सकता है या जिसके विषय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परंतु ऐसा नहीं है कि इस प्रकार की वनस्पति केवल वहीं होती है।*

अगर हाँ, तो पृष्ठ–15 पर जाएं।

एम.यू.सी. 014 अधउष्णकटिबंधी वर्षा वाला

ऐसे वन कहीं कहीं थोड़ी मात्रा में हो सकते हैं। कारण है कि अधउष्णकटिबंधी जलवायु में साधारणतः शुष्क मौसम अवश्य होता है। ऐसा वन प्रायः उन्नत होकर उष्णकटिबंधी वर्षा वन में बदल जाता है। (उदाहरण : आस्ट्रेलिया, क्वीन्सलैंड, तथा ताईवान)। कुछ झाड़ियां नीचे नीचे बढ़ सकती हैं। मौसम के अनुसार गरमी तथा सर्दी में तापक्रम में परिवर्तन होता है। इस प्रकार के वन में गरमी तथा सर्दी के मौसम के बीच स्पष्ट अन्तर होता है तापक्रम में। वह अंतर (उष्णकटिबंधी वर्षा वन) पर्वतीय वन (0113) की अपेक्षा अधिक होता है।

अगर हाँ, तो पृष्ठ–16 पर जाएं।

ग. क्या सुई या शल्क के आकार की पत्तियों वाले वृक्ष 50 प्रतिशत से अधिक वितान बनाते हैं?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 019 में** (पृष्ठ–22)

अगर नहीं, तो जाएं **"च" में** (नीचे)



च. पृष्ठ 10 तथा 11 पर दिए गए तीन विकल्पों में से कौन सा आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है? **(एम.यू.सी. 015, एम.यू.सी. 016, या एम.यू.सी. 017)।**

एम.यू.सी. 015 शीतोष्ण या अधध्रुवीय वर्षा वाला

ऐसे वन केवल परम समुद्री जलवायु जहां पाला नहीं पड़ता है वहां पाए जाते हैं। दक्षिणी गोलार्ध में खासकर चिली में। ऐसे वन में अधिकतर पूरी तरह से सदाबहार अधजरठ पत्ती वाले वृक्ष होते हैं या झाड़ियां होती हैं इसी प्रकार की। ऐसे वृक्षों के ऊपर अधिपादप मांस, लिवर–वर्ट तथा लाइकेन उगते हैं। नीचे जमीन में लगे हुए जड़ वाले शाकीय पर्णांग भी होते हैं।

अगर हाँ, तो पृष्ठ–18 पर जाएं।

नोट : *चूंकि आप उष्णकटिबंधी या अधउष्णकटिबंधी जलवायु में नहीं हैं, आप या तो शीतोष्ण या अधध्रुवीय जलवायु में हैं। ध्रुवीय क्षेत्र में वृक्ष नहीं होते हैं। पृष्ठ iv पर परिभाषा को देखें।*

चौड़ी पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां चौड़ी हों, चपटी हों। सुई जैसी नहीं हों।*

सूई के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां पतली तथा लंबी हों।*

शल्क के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां छोटी हों, एक दूसरे पर चढ़ी हों तथा जो तने पर समतल रूप से लगी हों।*

ह्रायोफाइट : *ऐसे पौधे जिनमें फूल नहीं होते हैं (मॉस, लिवर–वर्ट) जिनकी खासियत होती है मूलाभास। क्योंकि इनमें सही प्रकार की जड़ें नहीं होतीं।*

अधिपादप : *ऐसे पेड़ पौधे जो जमीन से लगे हुए नहीं होते हैं। यह दूसरे पेड़ पौधों के ऊपर उगते हैं। उन पेड़ पौधों का उपयोग ऐसे पौधे केवल टिके रहने के लिए करते हैं। उनसे वह भोजन या पानी नहीं लेते हैं। इनके उदाहरण हैं कुछ आर्किड तथा पर्णांग।*

अधजरठ पत्तियों वाले : *ऐसे वनस्पति जिनकी पत्तियां थोड़ी मोटी होती हैं तथा बड़ी बड़ी और मुलायम। ऐसी पत्तियां पानी को आसानी से वाष्प बना कर बाहर नहीं जाने देती हैं।*

लाइकेन : *इस प्रकार के पौधे एक शैवाल तथा एक प्रकार के फफूंद से मिल कर बनते हैं। इनके बीच सहजीवी संबंध होता है। इनका खास रूप होता है और यह कुकरी, शल्क या शाखाओं वाले छोटे पौधों के रूप में चट्टानों पर या वृक्ष के तनों पर उगते हैं।*

मॉस : *यह एक प्रकार का ह्रायोफइट है जिनमें छोटे तने होते हैं जिन पर पत्तियां होती हैं गुच्छी की तरह। इनके प्रजनन अंग सब से ऊपरी सिरे पर होते हैं।*

एम.यू.सी. 016 शीतोष्ण वन जिसमें चौड़ी पत्तियों वाले

ऐसे वन के लिए आवश्यक है कि गरमी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में वर्षा हो। यह एक मिलाजुला सदाबहार पतझड़ वाला वर्ग है। अधिकांश वृक्ष अधदृढ़ पत्तियों वाले होते हैं सदाबहार प्रकार के (50 प्रतिशत से अधिक वितान) तथा झाड़ियां होती हैं। चौड़ी पत्तियों वाले पतझड़ी वृक्ष कम होते हैं और झाड़ियां होती हैं। (25 प्रतिशत से अधिक वितान)। ऐसे वन में बहुवर्षीय शाकीय पौधे बड़ी संख्या में होते हैं। संवहनी वाले अधिपादप तथा लताओं वाली वनस्पति या तो नहीं होती है या बहुत कम।

अगर हाँ, तो पृष्ठ–18 पर जाएं।

Herbaceous : (शाकीय) : *इस प्रकार के पौधे काष्ठीय पौधों से भिन्न होते हैं। यह संवहनी वाले पौधे होते हैं जो धरातल से लगे होते हैं। इनकी पत्तियां प्रत्येक वर्ष झड़ जाती हैं। तने का बढ़ने वाला भाग जमीन के ठीक ऊपर या जमीन के नीचे होता है।*

Perennial : (बहुवर्षीय) पौधे–*ऐसे पौधे जिनका जीवनकाल दो वर्षों से अधिक का होता है।*

Vascular Epiphytes : (संवहनी वाले अधिपादप) : *अधिपादप दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

एम.यू.सी. 017 शीतकालीन वर्षा वाले जिनकी पत्तियां चौड़ी तथा दृढ़ होती हैं।

प्रायः इन्हें भूमध्य क्षेत्र का माना जाता है परंतु इस प्रकार के वन दक्षिण पश्चिम आस्ट्रेलिया, चिली तथा दूसरी जगहों पर भी पाए जाते हैं। ऐसे स्थान के जलवायु की एक विशेषता है कि गरमी में स्पष्ट रूप से सूखा पड़ता है। ऐसे वन में मुख्यरूप से दृढ़ पत्तियों वाले वृक्ष या झाड़ियां होती हैं। जिनमें से अधिकतर के छाल खुरदुरे होते हैं। जमीन पर शाकीय पौधे बहुत कम होते हैं। संवहनी वाले अधिपादप नहीं होते हैं। थोड़ी मात्रा में लाईकेन तथा पुष्परहित अधिपादप हो सकते हैं। काष्ठीय सदाहरित लताएं अवश्य होती हैं।

अगर हाँ, तो पृष्ठ–20 पर जाएं।

Sclerophyllous : (दृढ़ पत्तियों वाले) : *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती हैं जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

एम.यू.सी. 011 उष्णकटिबंधी वर्षा वन

नीचे दिए गए पांच विकल्पों में से कौन सा विकल्प जो पृष्ठ 12 अथवा 13 पर दिया गया है। **(एम.यू.सी. 0111 से 0115 तक)** आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है?

नोट : आगे का एम.यू.सी. स्तर मुख्यतः इस बात पर आधारित है कि किस प्रकार की वनस्पाति अलग अलग ऊंचाई पर मिलती हैं। चूंकि भूमि की किस्म परिवर्ती हो सकती है इसलिए आप के आसपास के ऊंचाई वाले वर्ग को भी देखना पड़ सकता है ताकि आप जब अपने स्थल के विषय में चयन करें तो आपका चयन सही हो। कृप्या पृष्ठ VI देखें जहां इस बात की चर्चा की गई है कि किस प्रकार किसी स्थल की ऊंचाई वहां की वनस्पाति को प्रभावित करती है।

एम.यू.सी. 0111 घना जंगल मुख्यतः सदाहरित, उष्ण कटिबंधी वर्षा वाला, निम्नभूमि।

इस प्रकार के वन में अनेक जातियों के वृक्ष होते हैं जो तेजी से बढ़ते हैं। बहुत से वृक्ष 50मीटर से अधिक ऊंचे होते हैं। प्रायः छाल चिकनी तथा पतली होती है। कुछ वृक्ष पुश्ता वाले होते हैं। उद्गामी वृक्ष होते हैं या वृक्षों के वितान बराबर अर्थात समतल नहीं होते हैं। छोटे पेड़–पौधे बहुत कम होते हैं और जो होते हैं वह प्रायः उन वृक्षों के पौधे ही होते हैं। ताड़ जैसे और गुच्छे वाले वृक्ष बहुत कम होते हैं। पपड़ी आकार के लाइकेन तथा शैवाल उपस्थित होते हैं तथा ऊपर चढ़ने वाली लताएं प्रायः उस क्षेत्र में अधिक होती हैं जहां नमी बहुत अधिक होती है (उदाहरण : सुमात्रा, अतरातो घाटी, कोलम्बिया)।

Crustose Lichens : (पपड़ी आकार के लाइकेन) : *ऐसे लाइकेन जो पपड़ी की तरह उगते हैं।* **उदाहरण** : *Caloplaca Saxicola / लाइकेन एक शैवाल तथा एक फफूंद के साथ उगने से बनता है। दोनों के बीच सहजीवन का संबंध होता है।*

Rosulate : (गुलाबनुमा) : *पत्तियां गुच्छे की तरह सजी होती हैं।*

Tuft Plant : (गुच्छेवाले वनस्पति) : *काष्ठीय वनस्पति जिनके पत्र बड़े बड़े होते हैं या गुच्छों के रूप में शाखाएं निकलती हैं मुख्य तने के बिल्कुल ऊपर।* **उदाहरण** : *ताड़ जैसे वृक्ष तथा वृक्ष पर्णांग।*

पूरा हो गया।

एम.यू.सी. 0112 घने जंगल मुख्यतः सदापर्णी, उष्णकटिबंधी वर्षा वाले, अधपर्वतीय

उद्गामी वृक्ष प्रायः अनुपस्थित होते हैं तथा वृक्षों का वितान लगभग बराबर होता है। नीचे के स्तर पर फोर्ब्स आम तौर पर पाए जाते हैं। संवहनी वाले अधिपाद्प तथा लता वाली वनस्पति बहुत अधिक मिलती हैं। उदाहरण : कोस्टा रीका के अटलांटिक ढलान।

Forb : *यह चौड़ी पत्तियों वाली शाकीय वनस्पतियां होती हैं। उदाहरणः सूरजमुखी, तिपतिया, फर्न, दुग्ध खरपतवार।*

Vascular Epiphytes : (संवहनी वाले अधिपाद्प) : *अधिपाद्प दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

पूरा हो गया।

एम.यू.सी. 0113 मुख्य रूप से सदाहरित पर्वतीय वर्षा वाले उष्णकटिबंधी घने जंगल, पर्वतीय

वृक्ष 50मीटर से कम ऊंचाई वाले, उनके क्राउन अर्थात शाखाएं तथा पत्तियां इत्यादि तने पर बहुत नीचे तक होते हैं। वृक्षों के छाल खुरदुर होते हैं। नीचे उगने वाली वनस्पति बहुत अधिक होती है। प्रायः उनमें पर्णांग, शाक, मॉस तथा छोटे किस्म के ताड़ जैसे पौधे होते हैं। उदाहरण : Sierra de Talamanca, कोस्टा रीका।

पूरा हो गया।

एम.यू.सी. 0114 मुख्य रूप से सदाहरित उष्णकटिबंधी वर्षा वाले घने जंगल जो अधपर्वतीय क्षेत्र में होते हैं।

ऐसे वन पर्वतीय क्षेत्र के वन के ऊपर वाले क्षेत्र में होते हैं। ऐसे वन में खास प्रकार की वनस्पातियां होती हैं जो स्थान कके अक्षांश पर निर्भर करती हैं।

पूरा हो गया।

एम.यू.सी. 0115 घने जंगल जो मुख्य रूप से सदाहरित उष्णकटिबंधी वर्षा वाले होते हैं, बादल वाले क्षेत्र में होते हैं।

वृक्ष गांठ वाले होते हैं, जिनकी छाल खुरदरी होती है और जो विरले ही 20मीटर से अधिक ऊंचाई वाले होते हैं। वृक्षों की शाखाओं तथा पत्तियों वाले भाग में और तनों पर भी बहुत अधिक अधिपाद्प होते हैं जो प्रायः ब्रायोफाइट होते हैं। भूमि पर भी आर्द्रता को पसन्द करने वाले पौधे होते हैं। जैसे कि Selagivella तथा पर्णांग। उदाहरण : नीले पर्वत, जामाइका।

Bryophytes : (ब्रायोफाइट) : *पुष्परहित वनस्पति जिनमें असली जड़ नहीं होती है। उनकी जगह मूलाभास होते है।*

Chamaephyte : *बहुवर्षीय वनस्पति जिनकी शीत–कलियां जमीन के बहुत निकट होती हैं।*

पूरा हो गया।

एम.यू.सी. 012 उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी मौसमी

पृष्ठ 14 तथा 15 पर दिए गए चार विकल्पों **(एम.यू.सी. 0121, एम.यू.सी. 0122 एम.यू.सी. 0123 अथवा एम.यू.सी. 0124)** में से कौन सा आपके स्थल के लिए सही है?

नोट : अगला एम.यू.सी. स्तर मुख्यतः आधारित है वनस्पति के अलग–अलग वर्ग पर जो उगते हैं अलग–अलग ऊंचाई पर। चूंकि भूमि पर उगने वाली वनस्पतियां परिवर्ती होती हैं इस कारण आप को आसपास के वर्ग को भी देखना होगा ऊंचाई के हिसाब से ताकि आप यह निर्णय ले सकें कि कौन सा वर्ग आपके स्थान को सब से अधिक सही परिभाषित करता है। कृपया पृष्ठ VI भी देखें जहां इस तथ्य पर चर्चा की गई है कि किस प्रकार किसी स्थान की ऊंचाई वहां की वनस्पति को प्रभावित करती है।

Forb : *यह चौड़ी पत्तियों वाली शाकीय वनस्पतियां होती हैं। उदाहरणः सूरजमुखी, तिपतिया, फर्न, दुग्ध खरपतवार।*

Sclerophyllors : *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती है जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

एम.यू.सी. 0121 घना जंगल जो मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी प्रकार के मौसमी तथा निम्नभूमि में उगने वाले।

ऐसे जंगल में वह जातियां पाई जाती हैं जो तेजी से बढ़ती हैं। बहुत सी जातियां 50मीटर से अधिक ऊंची होती हैं। प्रायः एक सा वितान बनाती हैं। वन के नीचे के भाग में बहुत कम पेड–पौधे उगते हैं। लाइकेन तथा हरे शैवाल उपस्थित होते हैं परंतु ऊपर चढ़ने वाली लताएं अनुपस्थित होती हैं।

एम.यू.सी. 0122 जंगल जो मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी, मौसमी तथा अधपर्वतीय प्रकार का।

वृक्ष एक प्रकार का वितान बनाते हैं। फोर्ब बहुतायत में मिलते नीचे उगते हुए। संवहनी वाले अधिपादप तथा लताओं वाली वनस्पति प्रचूर मात्रा में होती हैं।

Lichen : *इस प्रकार के पौधे एक शैवाल तथा एक प्रकार के फफूंद से मिल कर बनते हैं। इनके बीच सहजीवी संबंध होता है। इनका खास रूप होता है और यह कुकरी, शल्क या शाखाओं वाले छोटे पौधों के रूप में चट्टानों पर या वृक्ष के तनों पर उगते हैं।*

एम.यू.सी. 0123 घना जंगल जो मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी मौसमी होता है। पर्वतीय क्षेत्र में होने वाला।

वृक्ष 50 मीटर से कम ऊंचाई वाले होते हैं। उनकी शाखाएं तथा पत्तियां इत्यादि तनों पर नीचे तक लगती हैं। छाल खुरदरा होता है। वृक्षनुमा पर्णांग नहीं होते। उनकी जगह सदाहरित झाड़ियां बहुतायत से होती हैं।

Vascular Epiphytes : *अधिपादप दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

एम.यू.सी. 0124 **घना जंगल, जो मुख्यतः सदाबहार, उष्णकटिबंध तथा अधउष्णकटिबंध प्रकार के मौसमी अधपर्वतशिखरीय।**

इस प्रकार का जंगल समानता रखता है शीतकालीन वर्षा वाले सदाहरित चौड़ी पत्तियों वाले वन के साथ। ऐसे जंगल में वृक्षों की पत्तियां दृढ़ होती हैं और यह अधिकतर बादली जंगल के ऊपर पाया जाता है। वृक्ष अधिकतर सदाहरित तथा दृढ़ पत्तियों वाले होते हैं। उनकी ऊंचाई 20मीटर से कम होती है। वृक्षों के नीचे धरातल पर बहुत कम या बिल्कुल ही पौधे नहीं होते हैं। कुछ चढ़ने वाली लताएं तथा थोड़ी संख्या में अधिपाद्प पाए जाते हैं। परंतु लाइकेन नहीं होते हैं।

पूरा हो गया।

एम.यू.सी. 013 **उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी अर्ध पतझड़ी वन**

क. क्या वह स्थान किसी निम्न भूमि वाले क्षेत्र में है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.0131 में (नीचे)	**एम.यू.सी.0133 में** (नीचे)

Caespitose : *मोटी चटाई के रूप में मिले हुए या सजे हुए या झुरमुट की तरह। इनके तने नीचे होते हैं जो तृणभूमि या घिगली जैसी रचना बनाती हैं और समूह में उगते हैं।*

Succulent : (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

एम.यू.सी. 0131 **घने जंगल जो मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंध तथा अधउष्णकटिबंध क्षेत्र में पाए जाने वाले जो अर्धपतझड़ वाले तथा निम्न भूमि में पाए जाने वाले होते हैं।**

ऊंचे वृक्ष बोतलनुमा हो सकते हैं। उदाहरण : (Ceiba)। प्रायः अधिपाद्प नहीं होते हैं। नीचे उगने वाली वनस्पाति झाड़ियां तथा पौधे होते हैं। गूदेदार पौधे पतले तनों वाले कैक्टस जो जटा की तरह उगते हैं और जिनके तने छोटे होते हैं वह उपस्थित होते हैं। कभी कभी लताएं भी मिलती हैं। शाकीय वनस्पति की छिदरी तह भी हो सकती है।

Herbaceous : (शाकीय) : *इस प्रकार के पौधे काष्ठीय पौधों से भिन्न होते हैं। यह संवहनी वाले पौधे होते हैं जो धरातल से लगे होते हैं। इनकी पत्तियां प्रत्येक वर्ष झड़ जाती हैं। तने का बढ़ने वाला भाग जमीन के ठीक ऊपर या जमीन के नीचे होता है।*

Epiphytes : *ऐसे पेड़ पौधे जो जमीन से लगे हुए नहीं होते हैं। यह दूसरे पेड़ पौधों के ऊपर उगते हैं। उन पेड़ पौधों का उपयोग ऐसे पौधे केवल टिके रहने के लिए करते हैं। उनसे वह भोजन या पानी नहीं लेते हैं। इनके उदाहरण हैं कुछ आर्किड तथा पर्णांग।*

एम.यू.सी. 0133 **घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी, अर्ध पतझड़ी, पर्वतीय तथा बादली**

ऐसे वन अर्धपतझडी निम्न भूमि में पाए जाने वाले वन की तरह ही होते हैं परंतु इसमें वृक्षा के वितान नीचे होते हैं। उनके ऊपर मरूद्भिद् प्रकार के अधिपाद्प उगते हैं इस प्रकार कि वह पूरी तरह ढके हुए से लगते हैं।

Xerophytic Epiphytes : (मरूद्भिद् अधिपाद्प) : *यह ऐसी वनस्पतियां होती हैं जो दूसरे पौधों पर उगती हैं। परन्तु वह वह परजीवी नहीं होती हैं। अधिपाद्प हवा तथा वर्षा से पोषण प्राप्त करते हैं। उन पौधों से नहीं जो उन्हें सहारा देते हैं। Xerophytic (मरूद्भिद्) का अर्थ है कि इस प्रकार के अधिपाद्प शुष्क वातावरण में रहने के अनुकूल होते हैं।*

एम.यू.सी. 014 अधउष्णकटिबंधी वर्षा वाले वन

पृष्ठ 16 तथा 17 पर दिए गए पांच विकल्प में से कौन सा विकल्प आपके स्थल को सही तरह से परिभाषित करता है?

पांच विकल्प हैं :

एम.यू.सी. 0141 से एम.यू.सी. 0145 तक।

नोट : अगला एम.यू.सी. वर्ग मुख्यतः इस पर आधारित है कि अलग अलग ऊंचाई पर किस प्रकार की वनस्पति होती है। चूंकि भूमि पर उपस्थित पेड़ पौधे परिवर्ती हो सकते हैं, इसलिए संभव है कि आपको आसपास उन्नयत वर्ग को देखना पड़े ताकि आपको यह पता लग सके कि आप के द्वारा किया गया कौन सा वर्ग आपके स्थल को सब से अच्छी तरह दर्शाता है। कृपया पृष्ठ VI पर देखें। यह समझने के लिए कि किस प्रकार किसी स्थान की ऊंचाई वनस्पति को किस प्रकार प्रभावित करती है।

एम.यू.सी. 0141 घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, अधउष्णकटिबंधी नमी वाला, निम्न भूमि

वृक्ष एक प्रकार का वितान बनाते हैं। फोर्ब बहुतायत में मिलते नीचे उगते हुए। संवहनी वाले अधिपाद्प तथा लताओं वाली वनस्पति प्रचूर मात्रा में होते हैं।

Bryophyte : *पुष्परहित वनस्पति जिनमें असली जड़ नहीं होती है। उनकी जगह मूलाभास होते है।*

Chamaephyte: *बहुवर्षीय वनस्पति जिनकी शीत–कलियां जमीन के बहुत निकट होती हैं।*

Crustose Lichens: *ऐसे लाइकेन जो पपड़ी की तरह की रचना बनाते हैं। उदाहरण : Caloplaca saxicola / लाइकेन एक शैवाल तथा एक फफूंद से मिल कर बनता है जो सहजीवी के रूप में रहते हैं।*

एम.यू.सी. 0142 घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, अधउष्णकटिबंधी वर्षा क्षेत्र वाला जो अधपर्वतीय क्षेत्र में होता है।

ऊपर निकलने वाले वृक्ष अधिकतर जंगलों में अनुपस्थित होते हैं। वृक्षों के वितान साधारणतः बराबर ऊंचाई के होते हैं। नीचे की वनस्पति में फोर्ब अधिक होते हैं। संवहनी वाले अधिपाद्प तथा लताएं भी बहुत होती हैं।

हो गया।

Hygromorphic: *पौधों के रूप में परिवर्तन होता है पौधों के भीतर पानी की मात्रा में परिवर्तन के साथ। उदाहरण : Selaginella तथा शाकीय पर्णांग।*

Moss: *यह एक प्रकार का ब्रायोफइट है जिनमें छोटे तने होते हैं जिन पर पत्तियां होती हैं गुच्छी की तरह। इनके प्रजनन अंग सब से ऊपरी सिरे पर होते हैं।*

Vascular Ephiphytes : *अधिपाद्प दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

एम.यू.सी. 0143 **घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, अधउष्णकटिबंधी, वर्षा वाले वन पर्वतीय क्षेत्र में पाए जाने वाले।**

पर्वतीय वृक्ष 50 मीटर से ऊंचे होते हैं। वृक्षों पर शाखाएं तथा पत्तियां इत्यादि बहुत नीचे तक लगती हैं। प्रायः वृक्षों के छाल खुरदरे होते हैं। वृक्षों के नीचे वनस्पति बहुत अधिक उगती हैं जिनमें पर्णांग, शाकीय पौधे, मॉस तथा छोटे ताड़ जैसे पौधे होते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 0144 **घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, अधउष्णकटिबंधी वर्षा वाले तथा अधपर्वत शिखरीय।**

ऐसे वन उन उन्नयतों पर मिलते हैं जो पर्वतीय वनों के ऊपर होते हैं। इनमें विशिष्ट प्रकार के पेड़ पौधे होते हैं जो अक्षांश पर निर्भर करते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 0145 **घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, अधउष्णकटिबंधी वर्षा क्षेत्र वाले, बादली**

इनमें वृक्ष गांठदार होती हैं तथा उनकी छाल खुरदरी होते है। विरले ही वृक्ष 20 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले होते हैं। वृक्ष के शीर्ष, शाखाएं तथा तनों पर अधिपाद्प लदे होते हैं जो अधिकतर ब्रायोफाइट होते हैं। भूमि पर भी ऐसे पौधे बहुत अधिक होते हैं जिनका आकार उनके अन्दर जल की मात्रा में परिवर्तन के साथ बदलता है। (उदाहराण : Selaginella तथा शाकीय पर्णांग)

हो गया।

एम.यू.सी. 015 शीतोष्ण या अधध्रुवीय वर्षा वाले वन

नीचे दिए गए विकल्प में से कौन सा विकल्प **(एम. यू.सी. 0151 या एम.यू.सी. 0152)** आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है?

एम.यू.सी. 0151 घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण या अधध्रुवीय वर्षा वाले शीतोष्ण

वृक्ष सामान्यतः 10मीटर से अधिक ऊंचाई वाले होते हैं। संवहनी वाले अधिपादप तथा लताएं उपस्थित हो सकती हैं।

Vascular Epiphytes : *अधिपादप दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

एम.यू.सी. 0152 घना जंगल, जो मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण अथवा अधध्रुवीय वर्षा वाले, अधध्रुवीय।

वृक्ष प्रायः 10मीटर से कम ऊंचे होते हैं और कभी कभी उनकी पत्तियां छोटी छोटी होती हैं। कुछ संवहनी वाले अधिपादप देखे जा सकते हैं। उदाहरण : न्यूजीलैंड के बीच वाले वन।

एम.यू.सी. 016 शीतोष्ण क्षेत्र के वन जिनकी पत्तियां चौड़ी तथा झड़ने वाली होती हैं।

नीचे दिए गए चार विकल्प **(एम.यू.सी. 0161 से एम.यू.सी. 0164)** में से कौन सा विकल्प आपके स्थल को अच्छी तरह दर्शाता है?

नोट : *अगला एम.यू.सी. स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि अलग अलग उन्नयत पर अलग अलग प्रकार के पेड़ पौधे उगते हैं। चूंकि भूमि पर उगने वाले पेड़ पौधे परिवर्ती हो सकते हैं इसलिए आपको आसपास के उन्नयत वर्ग को भी देखना होगा। यह पता लगाने के लिए कि कौन से विकल्प आपके स्थल को बहुत अच्छी तरह दर्शाते हैं। कृपया पृष्ठ VI भी देखें। वहां इस विषय में बताया गया है कि उन्नमत प्रकार वनस्पति पर पड़ता है।*

एम.यू.सी. 0161 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण जिनकी पत्तियां चौड़ी तथा झड़ने वाली होती हैं और जो निम्न भूमि में पाए जाते हैं

इस प्रकार के वन में तेजी से उगने वाली अनेक जातियां होती हैं वृक्षों की। कई जातियां 50मीटर से अधिक ऊंची होती हैं। साधारणतयः वृक्षों के छाल चिकने तथा पतले होते हैं। कुछ प्रकार के वृक्ष पुश्ता वाले होते हैं। कुछ वृक्ष अधिक ऊपर निकल जाते हैं बाकी से या कम से कम वृक्षों के वितान ऊपर नीचे होते हैं। वृक्षों के नीचे बहुत कम वनस्पति उगती है। वह मुख्यतः वृक्षों के पौध होते हैं ताड़ जैसे या गुच्छानुमा वृक्ष प्रायः बहुत कम होते हैं। पपड़ी जैसे लाइकेन और हरे शैवाल उपस्थित होते हैं। चढ़ने वाली लताएं केवल उस क्षेत्र में दिखाई देती हैं जहां नमी बहुत अधिक होती है।

Crustose LIchens : *ऐसे लाइकेन जो पपड़ी की तरह की रचना बनाते हैं। उदाहरण : Caloplaca saxicola / लाइकेन एक शैवाल तथा एक फफूंद से मिल कर बनता है जो सहजीवी के रूप में रहते हैं।*

Rosulate : *ऐसे पेड़ पौधे जिनमें पत्तियां वृत्ताकार रूप से लगी होती हैं समूह में।*

Tuft Tree : *काष्ठीय पेड़ पौधे जिनमें पत्तियों का फैला हुआ भाग काफी बड़ा होता है। शाखाएं मुख्य तनों पर वृत्ताकार रूप में लगी होती हैं बिल्कुल ऊपर और पत्ते उन्हीं शाखाओं पर लगते हैं। उदाहरण : ताड़ जैसे पेड़ पौधे तथा वृक्ष–पर्णांग।*

हो गया।

एम.यू.सी. 0162 घने जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण, चौड़ी तथा झड़ने वाली पत्तियों वाली अधपर्वतीय

ऊपर निकलने वाले वृक्ष प्रायः नहीं होते हैं जिस कारण वृक्षों के वितान बराबर होते हैं। वृक्षों के नीचे forbs प्रायः देखे जाते हैं। संवहनी वाले अधिपाद्प तथा लताएं प्रचूर मात्रा में होती हैं।

Under Growth : *झाड़ियां, वृक्षों के पौधे तथा दूसरे पौधे जो बड़े वृक्ष के वितान के नीचे उगते हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 0163 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण जिन पर झड़ने वाली चौड़ी पत्तियों लगती हैं और जो पर्वतीय क्षेत्र में होते हैं

वृक्ष 50 मीटर से ऊंचाई वाले होते हैं जिन पर शाखाएं तथा पत्तियां इत्यादि तने पर बहुत नीचे तक होते हैं। प्रायः वृक्षों के छाल खुरदरे होते हैं। वृक्षों के नीचे काफी वनस्पति दिखाई देती है जिनमें पर्णांग, शाकीय पौधे, मॉस तथा ताड़ जैसे छोटे पेड़ होते हैं।

Forb : *चौड़ी पत्तियों वाले शाकीय पौधे, घास के अतिरिक्त। उदाहरण : Cloves, सूरजमुखी, पर्णांग तथा छोटे छोटे खर पतवार।*

हो गया।

एम.यू.सी. 0164 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण प्रकार के जिन में झड़ने वाली चौड़ी पत्तियां लगती हैं अधपर्वत शिखरीय

ऐसे वन पर्वतीय क्षेत्र के ऊपर पाए जाते हैं। वहां खास प्रकार की वनस्पति होती है जो इस बात पर निर्भर करती है कि किसी जगह का अक्षांश कितना है।

हो गया।

एम.यू.सी. 017 शीतकालीन वर्षा वाले क्षेत्र के वन जिनमें चौड़ी पत्तियां होती हैं जो दृढ़ होती हैं

क. क्या 50 प्रतिशत से अधिक वैसे वृक्ष जो सब से ऊपर तक बढ़ते हैं 50 मीटर से अधिक ऊंचे हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 0171 में (नीचे)	**एम.यू.सी. 0172 में** (नीचे)

एम.यू.सी. 0171 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, जो शीतकालीन वर्षा वाले क्षेत्र में होते हैं, जिनकी पत्तियां चौड़ी तथा दृढ़ होती हैं और जो निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय क्षेत्र में होते हैं। >50मीटर

ऐसे वन में प्रधानता उन वृक्षों की होती है जो 50मीटर से अधिक ऊंचे होते हैं (वितान का कम से कम 50प्रतिशत ऐसे वृक्ष का होता है)। उदाहरणः भीमकाय गंध सफेदा (जैसे कि–*Encalyptus regnans* विक्टोरिया प्रान्त में तथा *E. diversicolor* पश्चिमी आस्ट्रेलिया में)।

हो गया।

एम.यू.सी. 0172 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतकालीन वर्षा वाले क्षेत्र में जिनमें दृढ़ चौड़ी पत्तियां होती हैं और जो निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय क्षेत्र में होते हैं। <50मीटर

ऐसे वन में प्रधानता उन वृक्षों की होती है जो 50मीटर से कम ऊंचाई के होते हैं। वितान का 50प्रतिशत ऐसे वृक्षों का होता है। उदाहरण : कैलीफोर्निया के खास तरह के बलूत वाले जंगल जिसे Live-oak forest के नाम से जाना जाता है।

हो गया।

एम.यू.सी. 018 उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी सूई के आकार की पत्तियों वाले

इस प्रकार के वन में मुख्यतः सूई के आकार की या पपड़ी के आकार की पत्तियों वाले सदाहरित वृक्ष होते हैं (वह वितान में 50प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं)। चौड़ी पत्तियों वाले वृक्ष भी वहां हो सकते हैं। संवहनी वाले अधिपाद्प तथा लताएं बहुत कम पाए जाते हैं। वहां वह जातियां होती हैं जो उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी क्षेत्र के लिए खास होती हैं।

नोट : कृपया पृष्ठ VI पर निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय क्षेत्र की परिभाषा देखें।

Vascular Epiphytes : *अधिपाद्प दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

क. क्या वह स्थल जिसका आप अध्ययन कर रहे हैं वह किसी निम्नभूमि क्षेत्र या अधपर्वतीय क्षेत्र में है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.0181 में (नीचे)	**एम.यू.सी.0182 में** (नीचे)

एम.यू.सी. 0181 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी क्षेत्र वाला जिनकी पत्तियां सुई जैसी होती हैं तथा निम्नभूमि एवं अधपर्वतीय क्षेत्र में पाया जाता है।

उदाहरण–चीड़ वाले जंगल जो होन्डूरास तथा निकारागुआ में होते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 0182 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी क्षेत्र वाला

सुई जैसी पत्तियों वाला जो पर्वतीय क्षेत्र में तथा अधपर्वतशिखरीय क्षेत्र में पाया जाता है।

हो गया।

एम.यू.सी. 019 शीतोष्ण तथा अधध्रुवीय सुई के समान पत्तियों वाले

ऐसे वन में मुख्यतः सूई जैसी पत्तियों वाले या पपड़ी जैसी पत्तियों वाले सदाहरित वृक्ष होते हैं। ऐसे वृक्ष वितान में 50प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं। साथ में चौड़ी पत्तियों वाले वृक्ष भी हो सकते हैं। संवहनी वाले अधिपाद्प तथा लताएं विरले ही दिखाई देते हैं। यहां जो जातियां मिलती हैं वृक्षों की वह शीतोष्ण/अधध्रुवीय क्षेत्र की विशिष्ट होती हैं।

Vascular Epiphytes : *अधिपाद्प दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

क. क्या वृक्षों के सब से ऊपरी वितान तक पहुंचने वाले 50 प्रतिशत से अधिक वृक्ष ऐसे हैं जिनकी ऊंचाई 50मीटर से अधिक है?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 0191** (नीचे)

अगर नहीं, तो जाएं **"ख" में** (नीचे)

एम.यू.सी. 0191 घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण तथा अधध्रुवीय क्षेत्र में जिन में वृक्ष भीमकाय होते हैं तथा सुई जैसी पत्तियों वाले होते हैं (>50मीटर)

ऐसे वन में प्रधानता उन वृक्षों की होती है जो 50मीटर से अधिक ऊंचे होते हैं। वह वितान का कम से कम 50 प्रतिशत निर्माण करते हैं। उदाहरण–Sequoia तथा Pseudotsuga वन जो उत्तरी अमरीका के पश्चिमी प्रान्त में होते हैं।

हो गया।

ख. आगे दिए गए तीन विकल्प **(एम.यू.सी. 0192 से एम.यू.सी. 0194)** में से कौन सा आपके स्थल को सबसे उत्तम तरीके से परिभाषित करता है?

नोट : *अगला एम.यू.सी. स्तर इस बात पर आधारित है कि वितान तक पहुंचने वाले वृक्ष में से 50प्रतिशत से अधिक के शीर्ष का आकार कैसा है। कृपया पृष्ठ 23 पर चित्र देखें।*

एम.यू.सी. 0192 **घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण तथा अधध्रुवीय जिनमें सुई जैसी पत्तियां होती हैं। वृक्ष का शीर्ष भाग अनियमित होता है तथा गोलाकार होता है**

ऐसे वन में प्रधानता उन वृक्षों की होती है जो 5 से 50 मीटर तक ऊंचे होते हैं। यह वितान में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी रखते हैं। वृक्षों के शीर्ष भाग चौड़े, अनियमित तथा गोलाकार होते हैं (उदाहरण : चीड़ की जातियां)।

हो गया।

एम.यू.सी. 0193 **घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण तथा अधध्रुवीय जिनमें सुई जैसी पत्तियां लगती हैं। वृक्षों के शीर्ष भाग शंकुरूप के होते हैं**

5 से 50 मीटर तक के वृक्षों की प्रधानता होती है ऐसे वन में अर्थात वह वितान का 50 प्रतिशत से अधिक अंश बनाते हैं। वृक्षों के शीर्ष भाग शंकुरूप के होते हैं जैसे कि अधिकतर Picea तथा Abies के वृक्ष। उदाहरण : कैलीफोर्निया के लाल देवदारू के जंगल।

हो गया।

एम.यू.सी. 0194 **घना जंगल, मुख्यतः सदाहरित, शीतोष्ण तथा अधध्रुवीय क्षेत्र वाला जिनमें सुई जैसी पत्तियां होती है। वृक्षों के शीर्ष भाग बेलनाकार होते हैं।**

प्रधानता 5 से 50मीटर ऊंचे वृक्षों की होती है जो वितान का 50प्रतिशत से अधिक का निर्माण करते हैं। वृक्षों के शीर्ष भाग में छोटी छोटी शाखाएं होती हैं। जिस कारण वृक्ष पतला बेलनाकार दिखाई देता है।

हो गया।



Crown : (शीर्ष) : *किसी वृक्ष अथवा झाड़ी का वह भाग जहां पत्तियां लगती हैं। वृक्ष तथा झाड़ी की नीचे वाली शाखाएं भी शीर्ष का ही अंश होती हैं।*

एम.यू.सी. 02 मुख्यतः पतझड़ वाल

अधिकतर वृक्ष (वितान का 50प्रतिशत से अधिक) अपने पत्ते गिरा देते हैं एक साथ जब मौसम प्रतिकूल होता है। (सूखा पड़ना या ठंडक पड़ना)।

क. क्या पतझड़ वाले वृक्ष इस कारण पत्तों को गिराते हैं कि मौसम सूखा हो जाता है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.021 में	**"ख" में**
(नीचे)	(नीचे)

ख. क्या सदाहरित प्रकार के वृक्ष 25प्रतिशत से अधिक का वितान बनाते हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.022 में	**एम.यू.सी.023 में**
(पृष्ठ–25)	(पृष्ठ–27)

एम.यू.सी. 021 उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी सूखा क्षेत्र वाले वन जहां पतझड़ होता है

प्रतिकूल मौसम की पहचान है कि सूखा पड़ता है, अधिकतर मामलों में वह सूखा जो शीतकाल में पड़ता है। पत्तियां हर वर्ष झड़ती हैं। अधिकतर वृक्ष में अपेक्षाकृत मोटे छाल होते हैं जो फटे हुए होते हैं।

नोट : *कृपया पृष्ठ VI पर उष्णकटिबंधी अधउष्णकटिबंधी निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय की परिभाषा देखें।*

क. क्या आपका स्थल किसी निम्नभूमि में है या अधपर्वतीय क्षेत्र में ?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 0211 में	**एम.यू.सी. 0212 में**
(पृष्ठ–25 पर)	(पृष्ठ–25 पर)

एम.यू.सी. 0211 घना जंगल, मुख्यतः पतझड़ वाला, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी सूखा प्रकार का पतझड़ वाला, चौड़ी पत्ती वाला, निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय

व्यवहारिक रूप से कोई सदाहरित पेड़ पौधे नहीं होते हैं कुछ गूदादार पेड़ पौधों के अतिरिक्त। काष्ठीय तथा शाकीय लताएं एवं बोतलनुमा पतझड़ वाले वृक्ष कभी कभी होते हैं। नीचे थोड़ी मात्रा में शाकीय वनस्पति होती है भूमि पर। उदाहरण : उत्तर–पश्चिमी कोस्टारीका के चौड़ी पत्तियों वाले पतझड़ प्रकार के जंगल।

Epiphytes : *ऐसे पेड़ पौधे जो जमीन से लगे हुए नहीं होते हैं। यह दूसरे पेड़ पौधों के ऊपर उगते हैं। उन पेड़ पौधों का उपयोग ऐसे पौधे केवल टिके रहने के लिए करते हैं। उनसे वह भोजन या पानी नहीं लेते हैं। इनके उदाहरण हैं कुछ आर्किड तथा पर्णांग।*

Herbaceous : *इस प्रकार के पौधे काष्ठीय पौधों से भिन्न होते हैं। यह संवहनी वाले पौधे होते हैं जो धरातल से लगे होते हैं। इनकी पत्तियां प्रत्येक वर्ष झड़ जाती हैं। तने का बढ़ने वाला भाग जमीन के ठीक ऊपर या जमीन के नीचे होता है।*

हो गया।

एम.यू.सी. 0212 घना जंगल, मुख्यतः पतझडी, उष्णकटिबंधी तथा अधउष्णकटिबंधी जहां सूखा के कारण पतझड़ होता है और जो पर्वतीय बादली क्षेत्र में पाए जाते हैं

कुछ सदाहरित जातियां उपस्थित होती हैं नीचे के स्तर पर। सूखा प्रतिरोधी अधिपादप उपस्थित होते हैं या बहुत अधिक होते हैं। ऐसे अधिपादप कभी कभी दाढ़ीदार होते हैं। (उदाहरण : Usnea या Tillandsia usneoides)। इस प्रकार के जंगल बहुत अधिक नहीं मिलते हैं परंतु अच्छी तरह विकसित होते हैं जैसे कि उत्तरी पेरू में।

Succulant : *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

Undergrowth : *झाड़ियां, वृक्षों के पौधे तथा दूसरी वनस्पति जो वृक्षों के वितान के नीचे उगती हैं।*

Understory : *छोटे वृक्ष तथा झाड़ियां जो एक तह बनाती हैं ऊपर वाली वनस्पति की तह के नीचे। इनमें छोटे वृक्ष तथा झाड़ियां होती हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 022 शीत क्षेत्र वाले पतझड़ी वन सदाहरित भी होते हैं

प्रतिकूल मौसम मुख्यतः शीतकालीन पाला वाला होता है। पतझड़ी चौड़ी पत्तियों वाले वृक्ष छाए हुए होते हैं। (वह वितान को 50 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं परन्तु सदाहरित जातियां भी उपस्थित होती हैं (यह वितान में 25 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती हैं।) यह मुख्य वितान में होती हैं या नीचे के स्तर पर/चढ़ने वाले पौधे तथा संवहनी वाले अधिपादय बहुत कम या नहीं होते हैं।

Woody : *यह संबंधित है सख्त, काष्ठ बने हुए सैलूलोन वाले उत्तक से जो कुछ बहुवर्षीय वनस्पति की रचना करती हैं मुख्य रूप से।*

Vascular Epiphytes : *अधिपादप दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

'क' में जाएं अगले पृष्ठ पर।

क. क्या सदाहरित वृक्ष ऐसे हैं जिनमें अधिकतर की पत्तियां सुई जैसी हैं ?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 0222 में** (नीचे)

अगर नहीं, तो जाएं **एम.यू.सी. 0221 में** (नीचे)



Broad Leaved : (चौड़ी पत्तियों वाले) : *पौधा जिसकी पत्तियां चपटी तथा चौड़ी होती हैं, सुई जैसी नहीं।*

Needle Leaved : (सुई जैसी पत्तियों वाली) : *पौधा जिसकी पत्तियां पतली तथा लम्बी होती हैं। उदाहरण : चीड़ तथा देवदारव।*

एम.यू.सी. 0221 घना जंगल, मुख्यतः पतझड़ी, शीतकालीन–पतझड़ी जिसमें सदाहरित पेड़ पौधे भी हैं, साथ में सदाहरित चौड़ी पत्तियों वाले वृक्ष ऊपर चढ़ने वाली लताएं भी हैं।

ऐसे वन में अधिपाद्प बहुत होते हैं जिनमें मॉस भी होते हैं। वृक्षों के तनों के निचले भाग पर संवहनी वाले अधिपाद्प भी हो सकते हैं। बाढ़ से प्रभावित समतल भूमि वाले क्षेत्र में ऊपर चढ़ने वाली लताएं आम होती हैं। उदाहरण : Ilex equifolium तथा Hedara helix पश्चिमी यूरोप में एवं उत्तरी अमरीका में Magnolia की जातियां।

हो गया ।

एम.यू.सी. 0222

एम.यू.सी. 023 शीतकालीन पतझड़ी जहां सदाहरित पेड़ पौधे अनुपस्थित होते हैं।

पतझड़ी वृक्षों की प्रधानता होती है ऐसे जंगल में (ऐसे वृक्ष वितान का 75 प्रतिशत से अधिक बनाते हैं)। सदाहरित शाकीय पौधे तथा कुछ सदाहरित झाड़ियां (दो मीटर से कम ऊंची भी हो सकती हैं।) साधारणतः लताएं नगण्य होती हैं परन्तु बाढ़ग्रस्त समतल भूमि में यह अधिक हो सकती हैं।

संवहनी वाले अधिपाद्प अनुपस्थित होते हैं। (केवल कभी कभी वृक्षों के निचले भाग के साथ इन्हें देखा जा सकता है)। मॉस, लिवर–वर्ट (प्रहरिता) तथा लाइकेन विशेषतौर पर सदैव उपस्थित होते हैं।

अगले पृष्ठ पर **'क'** में जाएं।



Bryophyte : *पुष्परहित वनस्पति जिनमें असली जड़ नहीं होती है। उनकी जगह मूलाभास होते है।*

Lichen : *इस प्रकार के पौधे एक शैवाल तथा एक प्रकार के फफूंद से मिल कर बनते हैं। इनके बीच सहजीवी संबंध होता है। इनका खास रूप होता है और यह कुकरी, शल्क या शाखाओं वाले छोटे पौधों के रूप में चट्टानों पर या वृक्ष के तनों पर उगते हैं।*

Moss : *यह एक प्रकार का ब्रायोफइट है जिनमें छोटे तने होते हैं जिन पर पत्तियां होती हैं गुच्छी की तरह। इनके प्रजनन अंग सब से ऊपरी सिरे पर होते हैं।*

Vascular Epiphyte : *अधिपाद्प दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

क. नीचे दिए तीन विकल्प **(एम.यू.सी. 0231 से एम.यू.सी. 0233)** में से कौन सा विकल्प आपके स्थल के लिए सब से अधिक उपयुक्त है?

नोट : अगला एम.यू.सी. स्तर मुख्यतः इस बात पर आधारित है कि अलग अलग उन्नयत तथा अक्षांश पर किस प्रकार की वनस्पति होती है। कृपया पृष्ठ VI देखें यह जानने के लिए कि उन्नयत से वनस्पति किस प्रकार प्रभावित होती हैं।

एम.यू.सी. 0231 घने जंगल, मुख्यतः पतझड़ी, शीतकालीन पतझड़ी, बिना सदाहरित वृक्षों वाला, शीतोष्ण निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला जिनमें चौड़ी पत्तियां लगती हैं

चौड़ी पत्तियों वाले वृक्ष 50मीटर तक ऊंचे हो सकते हैं। अधिपादप प्रधानतः शैवाल होते हैं तथा पपड़ी आकार के लाइकेन। उदाहरण : संयुक्त राज्य अमरीका के मिश्रित मध्य प्रकार के मौसम के वन।

हो गया।

Crustose Lichens : *ऐसे लाइकेन जो पपड़ी की तरह की रचना बनाते हैं। उदाहरण : Caloplaca saxicola / लाइकेन एक शैवाल तथा एक फफूंद से मिल कर बनता है जो सहजीवी के रूप में रहते हैं।*

एम.यू.सी. 0232 घना जंगल, मुख्यतः पतझड़ी, शीतकालीन पतझड़ी, जिनमें सदाहरित वृक्ष नहीं होते और जो पर्वतीय तथा बोरिअल वातावरण में पाए जाते हैं

वृक्ष 50मीटर तक ऊंचाई वाले हो सकते हैं, परन्तु पर्वतीय तथा बोरिअल वन में साधारणतः 30 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले नहीं होते हैं। अधिपादप प्रधानतः लाइकेन तथा ब्रायोकइट होते हैं। इस वर्ग में निम्नभूमि तथा अधपर्वतीय क्षेत्र भी सम्मिलित होते हैं जहां बहुत अधिक नमी होती है, स्थान वर्णन अर्थात स्थलाकृति के अनुसार।

हो गया।

Mesophytic : *ऐसे पेड़ पौधे जो थोड़ी नमी वाले वातावरण में उगते हैं या उनके अनुकूल हैं।*

Boreal : (उत्तरी) : *यह जलवायु से संबंधित है जहां गरमी का मौसम थोड़ा ठंडा तथा वर्षा वाला होता है तथा जाड़े का मौसम ठंडा होता है जो छः महीनों से अधिक चलता है। बोरिअल क्षेत्र का शीतकालीन शीतोष्ण क्षेत्र के नाम से भी जाना जा सकता है।*

एम.यू.सी. 0233 घना जंगल, मुख्यतः पतझड़ी, शीतकालीन पतझड़ वाला, बिना सदाहरित वृक्ष वाला, अधपर्वतशिखरीय तथा अधध्रुवीय

वृक्ष 20मीटर से अधिक ऊंचाई वाले नहीं होते हैं, तथा वृक्षों के तने कभी कभी गांठदार होते हैं। अधिपादप लाइकेन तथा ब्रायोफाइट होते हैं। ऐसे वन में इनकी मात्रा अधिक होती है पर्वतीय तथा बोरिअल प्रकार (0232) की अपेक्षा। यह वर्ग प्रायः वनस्थली के वर्ग में प्रवेश कर जाता है।

हो गया।

Montane : (पर्वतीय) : *यह वनस्पतियां जो पर्वतीय क्षेत्र में उगती हैं या उनके अनुकूल हैं।*

एम.यू.सी. 03 बहुत अधिक शुष्तानुकूलित (शुष्क)

वृक्षों के घने समूह जो सूखा में रहने के लिए अनुकूल होते हैं। जैसे कि बोतल वृक्ष, गुच्छे वाले वृक्ष जिनकी पत्तियां गूदादार होती हैं तथा ऐसे वृक्ष जिनके तने गूदादार होते हैं। नीचे उगने वाली वनस्पति झाड़ियों वाली होती होती है जो शुष्क परिस्थिति में रह सकते हैं तथा ऐसे शाकीय पौधे होते हैं जो बहुवर्षीय प्रकार के होते हैं तथा गूदादार होते हैं। साथ में वार्षिक प्रकार के तथा बहुवर्षीय प्रकार के शाकीय पौधे भी होते हैं। प्रायः ऐसे वन वनस्थली में रूपान्तरित हो जाते हैं।

क. क्या ऐसे वृक्ष जिनमें कांटे होते हैं वितान का 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 032 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–30)	(नीचे)

ख. क्या गूदादार पत्तियों वाले वृक्ष वितान में 50प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 033 में	**एम.यू.सी. 031 में**
(पृष्ठ–30)	(नीचे)

Annual Plant : (वार्षिक) : *ऐसे पौधे जो केवल एक मौसम या एक वर्ष तक ही जीवित रहते हैं तथा बढ़ते हैं।*

Perennial Plants : (बहुवर्षीय) : *ऐसे पौधे जिनका जीवनकाल दो वर्ष से अधिक का होता है।*

Herbaceous : (शाकीय) : *इस प्रकार के पौधे काष्ठीय पौधों से भिन्न होते हैं। यह संवहनी वाले पौधे होते हैं जो धरातल से लगे होते हैं। इनकी पत्तियां प्रत्येक वर्ष झड़ जाती हैं। तने का बढ़ने वाला भाग जमीन के ठीक ऊपर या जमीन के नीचे होता है।*

Rosulate : *ऐसे पेड़ पौधे जिनमें पत्तियां वृत्ताकार रूप से लगी होती हैं समूह में।*

Sclerophyllous : *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती हैं जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

एम.यू.सी. 031 घना जंगल, अत्यधिक शुष्तानुकूलित शुष्क

ऐसे वृक्षों प्रधानता वाली जिनकी पत्तियां दृढ़ होती हैं। ऐसे वृक्षों की बहुत प्रधानता होती है जिनकी पत्तियां दृढ़ होती हैं। उनमें से कई के तनों का निचला भाग फूला हुआ होता है जो मिट्टी में दबा रहता है।

हो गया।

Succulent : (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

Tuft Plant : (गुच्छेवाले वनस्पति) : *काष्ठीय वनस्पति जिनके पत्र बड़े बड़े होते हैं या गुच्छों के रूप में शाखाएं निकलती हैं मुख्य तने के बिल्कुल ऊपर।*
उदाहरण : *ताड़ जैसे वृक्ष तथा वृक्ष पर्णांग।*

एम.यू.सी. 032 कंटक प्रधान

ऐसी जातियां वृक्षों की जिनके शरीर पर कांटे उगते हैं वह प्रमुख रूप से होते हैं (ऐसे पेड़ पौधे वितान का 50 प्रतिशत से अधिक का निर्माण करते हैं।)

क. क्या वृक्षों के वितान का 75प्रतिशत से अधिक ऐसे वृक्षों का होता है जो पतझड़ी होते हैं और उन पर कांटे होते हैं?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 0322 में** (नीचे)

अगर नहीं, तो जाएं **एम.यू.सी. 0321 में** (नीचे)

एम.यू.सी. 0321 घना जंगल, बहुत अधिक शुष्कतानुकूलित (शुष्क) कांटों की प्रधानता वाले मिश्रित पतझड़ी तथा सदाहरित

कांटों की प्रधानता वाले मिश्रित पतझड़ी तथा सदाहरित दोनों अर्थात पतझड़ी तथा सदाहरित कांटों वाली जातियां वितान का 50 प्रतिशत से अधिक बनाती हैं।

Evergreen : *ऐसे पेड़ पौधे जिन पर पूरे वर्ष हरी पत्तियां लगी होती हैं। पत्तियां तब तक बनी रहती हैं, जब तक कि नई पत्तियां निकल नहीं आती हैं पुरानी पत्तियों का स्थान लेने के लिए। यह क्रम पूरे वर्ष तक चलता रहता है धीरे धीरे जिस कारण वृक्ष कभी भी नंगा नहीं होता है। सदैव कुछ पत्तियां अवश्य होती हैं जो एक वर्ष से अधिक आयु की होती हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 0322 घना जंगल, अत्यन्त शुष्कतानुकूलित (शुष्क), कांटों की प्रधानता वाले, शुद्ध पतझड़ी

पतझड़ी कांटों वाली जातियां पूरी तरह से प्रधानता रखती हैं। (वितान का 75 प्रतिशत से अधिक इनके कारण होता है)।

Deciduous : *ऐसी वनस्पति जो उगने के मौसम के अंत में पत्तियों को गिरा देती हैं या जब मौसम अनुकूल नहीं हो तब गिरा देती हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 033 घना जंगल, अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (शुष्क), मुख्यतः गूदेदार पेड़ पौधे

वृक्ष के रूप वाले पौधे जिन पर स्केप होते हैं या उस जैसी रचना होती है तथा झाड़ीनुमा पौधे जिनके तने नीचे रहते हैं तथा पौधे गुच्छों की तरह उगते हैं काफी संख्या में होते हैं (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक इनके कारण होता है)। परन्तु दूसरे वृक्ष तथा झाड़ियां जो शुष्क पर्यावारण में उग सकते हैं वह भी होते हैं।

Caespitose : *पौधे इस प्रकार सजे होते हैं कि मोटी चटाई या झुरमुट जैसी रचना बनाते हैं। इनके तने नीचे होते हैं और समूह में उगते हैं।*

Scapose : *ऐसे पौधों में पत्ती रहित फूल के पुष्पदण्ड होते हैं या वैसी रचना होती है।*

हो गया।

एम.यू.सी. 1 वनस्थली

ऐसे वन में वृक्ष कम से कम 5मीटर ऊंचे होते हैं। उनके शीर्ष भाग एक दूसरे से गुथे हुए नहीं होते हैं। वृक्षों के बीच स्थान होता है। वृक्षों के वितान भूमि का कम से कम 40प्रतिशत ढके होते हैं।



क. क्या आपका स्थल अत्यंत शुष्कानुकूलित जलवायु वाला है ?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.13 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–38)	(नीचे)

ख. क्या ऐसे वृक्ष जो वितान तक पहुंचते हैं उनका कम से कम 50 प्रतिशत सदाहरित है ?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी.11 में	**एम.यू.सी.12 में**
(पृष्ठ–32)	(पृष्ठ–34)

मुख्यतः सदाहरित वनस्थली, मुख्यतः पतझड़ी वनस्थली तथा अत्यन्त शुष्कानुकूलित वनस्थली की परिभाषा वैसी ही है जैसी कि वन के संदर्भ में। अन्तर इतना है कि यहां वृक्षों की संख्या कम होती है।

Xeromorphic (शुष्कतानुकूलित) : *जलवायु की स्थिति ऐसी जो ऐसे पेड़ पौधों के विकास में सहायक हो, जो उस प्रकार के वातावरण में उग सकते हैं जहां स्वच्छ जल नहीं है। शुष्कतानुकूलित वातावरण में उगने वाले पौधों में बाहरी परत मोटी होती है, पत्तियों का आकार छोटा होता है। उन पर मोम की परत होती है। चमकदार होते हैं। Xeromorphic शब्द बना है "Xero" जिसका अर्थ होता है "शुष्क" तथा "morphic" से तथा जिसका अर्थ है "रूप"।*

Decidduous (पतझड़ी) : *ऐसी वनस्पति जो उगने के मौसम के अंत में पत्तियों को गिरा देती हैं या जब मौसम अनुकूल नहीं हो तब गिरा देती हैं।*

Evergreen : *ऐसे पेड़ पौधे जिन पर पूरे वर्ष हरी पत्तियां लगी होती हैं। पत्तियां तब तक बनी रहती हैं, जब तक कि नई पत्तियां निकल नहीं आती हैं पुरानी पत्तियों का स्थान लेने के लिए। यह क्रम पूरे वर्ष तक चलता रहता है धीरे धीरे जिस कारण वृक्ष कभी भी नंगा नहीं होता है। सदैव कुछ पत्तियां अवश्य होती हैं जो एक वर्ष से अधिक आयु की होती हैं।*

एम.यू.सी. 11 वनस्थली जिसमें मुख्यतः सदाहरित पेड़–पौधे होते हैं

जंगल का वितान कभी भी हरी पत्तियों से खाली नहीं होता है। वितान तक पहुंचने वाले वृक्षों में से कम से कम 50 प्रतिशत सदाहरित होते हैं। अलग अलग वृक्ष अपनी पत्तियां झाड़ते रहते हैं।

नोट : अब आपने यह निर्धारित कर लिया है कि सदाहरित वृक्ष की प्रधानता है, तो अब आप को यह निर्धारित करना है कि चौड़ी पत्तियों वाले या सुई जैसी पत्तियों वाले सदाहरित वृक्ष प्रमुख हैं।

क. क्या कम से कम 50प्रतिशत सदाहरित वृक्ष जो वृक्षों के वितान तक बढ़ते हैं चौड़ी पत्तियों वाले हैं?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 111 में** (नीचे)

अगर नहीं, तो जाएं **एम.यू.सी. 112 में** (पृष्ठ–33)



Broad Leaved (चौड़ी पत्ती वाला) : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां चौड़ी हों, चपटी हों। सुई जैसी नहीं हों।*

Needle Leaved सूई के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां पतली तथा लंबी हों।*

Scale-Leaved शल्क के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां छोटी हों, एक दूसरे पर चढ़ी हों तथा जो तने पर समतल रूप से लगी हों।*

Epiphytes : *ऐसे पेड़ पौधे जो जमीन से लगे हुए नहीं होते हैं। यह दूसरे पेड़ पौधों के ऊपर उगते हैं। उन पेड़ पौधों का उपयोग ऐसे पौधे केवल टिके रहने के लिए करते हैं। उनसे वह भोजन या पानी नहीं लेते हैं। इनके उदाहरण हैं कुछ आर्किड तथा पर्णांग।*

Sclerophyllous (दृढ़ पत्तियों वाले): *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती हैं जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

एम.यू.सी. 111 वनस्थली, मुख्यतः सदाहरित, चौड़ी पत्तियों वाला

मुख्यतः चौड़ी दृढ़ पत्तियों वाले वृक्ष तथा झाड़ियां, अधिपाद्प नहीं होते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 112 वनस्थली जहां मुख्यतः सुई जैसी पत्तियों वाले सदाहरित पेड़–पौधे होते हैं

वृक्ष मुख्यतः सुई जैसी पत्तियों वाले या पपड़ी जैसी पत्तियों वाले होते हैं (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक)। बहुत से वृक्ष के शीर्ष तना के नीचे तक होते हैं या बहुत शाखाओं वाले होते हैं।

नीचे दिए गए तीन विकल्प **(एम.यू.सी. 1121 से एम.यू.सी. 1123)** आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करते हैं?



नोट : यहां एम.यू.सी. वर्ग इस तथ्य पर निर्भर करते हैं कि वितान तक पहुंचने वाले 50 प्रतिशत से अधिक वृक्ष के शीर्ष किस आकार के हैं।

एम.यू.सी. 1121 वनस्थली, मुख्यतः सदाहरित, सुई जैसी पत्तियों वाले, अनियमित गोलाकार शीर्ष वाले

प्रधानता (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक) ऐसे वृक्षों की जिनके शीर्ष चौड़े, अनियमित तथा गोलाकार (उदाहरण : चीड़)

हो गया।

एम.यू.सी. 1122 वनस्थली, मुख्यतः सदाहरित, सुई जैसी पत्तियों वाले वृक्ष जिनके शीर्ष शंकुरूप होते हैं

ऐसे वृक्ष की प्रधानता (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक) जिनके शीर्ष शंकुरूप के होते हैं। अधिकतर अधपर्वतशिखर क्षेत्र में होते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 1123 वनस्थली, मुख्यतः सदाहरित, सुई जैसी पत्तियों वाले, वृक्ष जिनके शीर्ष बेलनाकार होते हैं

प्रधानता (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक बनाने वाले) ऐसे वृक्ष जिनके शीर्ष में छोटी छोटी शाखाएं होती हैं। जिस कारण शीर्ष का आकार पतले बेलन जैसा होता है। (उदाहरण : Picea बोरियल क्षेत्र में)।

हो गया।

Boreal Region (उत्तरी) :
यह जलवायु से संबंधित है जहां गरमी का मौसम थोड़ा ठंडा तथा वर्षा वाला होता है तथा जाड़े का मौसम ठंडा होता है जो छः महीनों से अधिक चलता है। बोरिअल क्षेत्र का शीतकालीन शीतोष्ण क्षेत्र के नाम से भी जाना जा सकता है।

एम.यू.सी. 12 वनस्थली, जहां मुख्यतः पतझड़ी वृक्ष होते हैं

अधिकतर वृक्ष (जो वितान का 50 प्रतिशत से अधिक बनाते हैं) एक साथ अपनी पत्तियां गिराते है। ऐसा वह तब करते हैं जब मौसम प्रतिकूल होता है। (सूखा या ठंड)।

नोट : *यदि वृक्षों के पत्ते इस कारण नहीं झड़ते हैं कि मौसम शुष्क है, तो वह इस कारण झड़ते हैं कि मौसम ठंडा है।*

क. क्या वृक्षों की पत्तियां इस कारण गिरती हैं कि वहां सूखा है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 121 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–35)	(नीचे)

ख. क्या वृक्षों के वितान का जो घेरा है उसका 25 प्रतिशत से अधिक सदाहरित वृक्षों के कारण है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 122 में	**एम.यू.सी. 123 में**
(पृष्ठ–36)	(पृष्ठ–37)



एम.यू.सी. 121 सूखा के कारण पतझड़ वाला वनस्थली

प्रतिकूल मौसम अधिकतर सूखा के कारण होता है, अधिकतर मामलों में उस सूखा के कारण जो शीतकाल में पड़ता है। प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से पत्ते झड़ते हैं। अधिकतर, वृक्ष में अपेक्षाकृत मोटी छाल होती है जो दरारों वाली होती है।

नोट : अगला एम.यू.सी. स्तर मुख्यतः इस बात पर निर्भर करता है कि अलग अलग उन्नयन के साथ किस प्रकार वनस्पति के किस्म बदलते हैं। कृपया पृष्ठ VI देखें जहां इस बात पर चर्चा की गई है कि किस प्रकार उन्नयन वनस्पति को प्रभावित करता है।

नीचे दिए गए दो विकल्प **(एम.यू.सी. 1211 या एम.यू.सी. 1212)** में से कौन सा विकल्प आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है?

एम.यू.सी. 1211 वनस्थली मुख्यतः पतझड़ी जिनमें सूखा के कारण पत्ते झड़ते हैं और जिनकी पत्तियां चौड़ी होती हैं और जो निम्नभूमि तथा अधपर्वत क्षेत्र में होता है।

व्यावहारिक तौर पर किसी भी स्तर में कोई सदाहरित पेड़–पौधा नहीं होता है। कुछ गूदादार पेड़े–पौधों को छोड़ कर। काष्ठीय तथा शाकीय लताएं तथा पतझड़ी बोतलनुमा वृक्ष उपस्थित होते हैं। नीचे के स्तर पर छुटपुट शाकीय वनस्पति उपस्थित होती हैं।

Succulents : (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

Undergrowth : *झाड़ियां, वृक्षों के पौधे तथा दूसरी वनस्पति जां वृक्षों के वितान के नीचे उगती हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 1212 वनस्थली, मुख्यतः पतझड़ी, सूखा के कारण पत्ते झड़ने वाले, पर्वतीय तथा बादली

कुछ सदाहरित जातियां होती हैं नीचे के स्तर पर। सूखा का सामना करने वाले अधिपाद्प बहुत अधिक भी हो सकते हैं जो प्रायः दाढ़ी वाले होते हैं (उदाहरण : Usnea या Tillandsia usneaoides)। इस प्रकार की संरचना नित्य नहीं मिलती है। परन्तु जब होती है तो पूरी तरह विकसित होती है। उदाहरण : उत्तरी पेरू में।

हो गया।

एम.यू.सी. 122 शीतकालीन पतझड़ वाली वनस्थली जो सदाहरित रहती हैं

प्रतिकूल मौसम में मुख्यतः पाला पड़ता है। प्रधानता (जो वितान का 50 प्रतिशत से अधिक बनाते हैं) चौड़ी पत्तियों वाले वृक्षों की होती है। परन्तु सदाहरित जातियां भी उपस्थित होती हैं (वितान का 25 प्रतिशत से अधिक) जो मुख्य वितान में योगदान देती हैं और नीचे के स्तर में भी होती हैं। चढ़ने वाली लताएं तथा संवहनी वाले अधिपाद्प बहुत कम या नहीं होते हैं।

Vascular Epiphytes (संवहनी वाले अधिपाद्प) : *अधिपाद्प दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

Understory : *वनस्पतियों की तह जो वनस्पतियों के ऊपरी तह के नीचे उगती है। इनमें छोटे वृक्ष तथा झाड़ियां होती हैं।*

क. क्या सदाहरित वृक्ष जो वितान तक पहुंचते हैं उनका 50 प्रतिशत से अधिक भाग सुई जैसी पत्तियों वाले वृक्षों का है?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी.1222 में** (पृष्ठ–40)

अगर नहीं, तो जाएं **एम.यू.सी.1221 में** (नीचे)

नोट : *यह पता लगाने के बाद कि वृक्षों के वितान का कम से कम 25प्रतिशत सदाहरित वृक्षों के कारण है, आपको यह पता करना है कि किस प्रकार के सदाहरित वृक्ष की प्रधानता है। (50प्रतिशत से अधिक)*



Broad Leaved (चौड़ी पत्ती वाला) : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां चौड़ी हों, चपटी हों। सुई जैसी नहीं हों।*

Needle Leaved सूई के आकार की पत्ती वाला : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां पतली तथा लंबी हों।*

Ilex aquifdium तथा Hedera helix पश्चिमी यूरोप में तथा Magnolia की जातियां उत्तरी अमरीका में इस प्रकार के वृक्षों के उदाहरण हैं।

एम.यू.सी. 1221 वनस्थली, मुख्यतः पतझड़ी, शीतकाल में पतझड़ वाले, जहाँ सदाहरित चौड़ी पत्तियों वाले वृक्ष तथा चढ़ने वाली लताएं होती हैं

ऐसी वनस्थली में अधिपाद्प बहुत होते हैं। जिनमें मॉस भी होते हैं। संवहनी वाले अधिपाद्प हो सकते हैं। वृक्ष के तनों के निचले भाग में बाढ़ वाली समतल भूमि में ऊपर चढ़ने वाली लताएं प्रायः होती हैं।

Bryophyte : *पुष्परहित वनस्पति जिनमें असली जड़ नहीं होती है। उनकी जगह मूलाभास होते है।*

Moss : *यह एक प्रकार का ब्रायोफइट है जिनमें छोटे तने होते हैं जिन पर पत्तियां होती हैं गुच्छी की तरह। इनके प्रजनन अंग सब से ऊपरी सिरे पर होते हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 123 शीतकालीन पतझड़ वाली वनस्थली जो सदाहरित वृक्ष के बिना

ऐसे वृक्ष जिनके पत्ते शीत के कारण झड़ते हैं पूरी तरह प्रधानता रखते हैं (75प्रतिशत से अधिक वितान उनके कारण बनता है)। सदाहरित शाकीय पौधे तथा कुछ सदाहरित झाड़ियां (जो 2 मीटर से कम ऊंची होती हैं।) वहां हो सकती हैं। चढ़ने वाली लताएं नगण्य होती हैं। परन्तु बाढ़ प्रभावित समतल भूमि में आमतौर पर ऐसी लताएं अधिक पाई जाती हैं। संवहनी वाले अधिपादप अनुपस्थित होते हैं (केवल वृक्ष के बिल्कुल नीचे वाले भाग को छोड़ कर, जहां वह कभी कभी दिखाई देते हैं)। मॉस, लिवर–वर्ट, खासकर लाइकेन सदैव उपस्थित होते हैं। अधउत्तरध्रुवीय क्षेत्र में यह बहुत अधिक होते हैं।

Bryophyte : *पुष्परहित वनस्पति जिनमें असली जड़ नहीं होती है। उनकी जगह मूलाभास होते है।*

Lichen : *इस प्रकार के पौधे एक शैवाल तथा एक प्रकार के फफूंद से मिल कर बनते हैं। इनके बीच सहजीवी संबंध होता है। इनका खास रूप होता है और यह कुकरी, शल्क या शाखाओं वाले छोटे पौधों के रूप में चट्टानों पर या वृक्ष के तनों पर उगते हैं।*

Moss : *यह एक प्रकार का ब्रायोफइट है जिनमें छोटे तने होते हैं जिन पर पत्तियां होती हैं गुच्छी की तरह। इनके प्रजनन अंग सब से ऊपरी सिरे पर होते हैं।*

Vascular Epiphytes : (संवहनी वाले अधिपादप) : *अधिपादप दूसरे पेड़ पौधों पर उगते हैं परंतु परजीवी नहीं होते हैं। संवहनी वाले होने का अर्थ है कि इनमें पानी तथा भोजन ले जाने के लिए खास उत्तक होते हैं। (जाईलम तथा फ्लोयम)।*

क. क्या ऐसे वृक्ष जो वृक्षों के वितान तक पहुंचते हैं उनका 75प्रतिशत से अधिक चौड़ी पत्तियों वाले पतझड़ी तरह के है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 1231 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–40)	(नीचे)

ख. क्या ऐसे वृक्ष जो वृक्षों के वितान तक बढ़ते हैं उनका 75प्रतिशत से अधिक से अधिक पतझड़ी सुई के आकार की पत्तियों वाले है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 1232 में	**एम.यू.सी. 1233 में**
(पृष्ठ–40)	(पृष्ठ–40)

एम.यू.सी. 13 अत्यन्त शुष्कतानुकूलित (शुष्क) वनस्थली

वृक्ष तथा झाड़ियों के समूह जो शुष्क परिस्थिति के अनुरूप हैं। उदाहरण : बोतलनुमा वृक्ष, गुच्छादार वृक्ष जिनकी पत्तियां गूदादार होती हैं या तने गूदादार होते हैं। नीचे उगने वाली वनस्पति ऐसी झाड़ियां होती हैं जो सूखे वातावरण में उग सकती हैं। बहुवर्षीय गूदादार शाक तथा एक वर्षीय एवं बहुवर्षीय शाकीय वनस्पति भी होते हैं। वनस्थली आगे चलकर जंगल का रूप ले सकती है।



Frond : *पर्णांग, साईकैड तथा ताड़ जैसे वृक्ष की बड़ी एवं संयुक्त पत्तियां।*

Rosulate : *ऐसे पेड़ पौधे जिनमें पत्तियां वृत्ताकार रूप से लगी होती हैं समूह में।*

Succulent : (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

Tuft Trees : *काष्ठीय पेड़ पौधे जिनमें पत्तियों का फैला हुआ भाग काफी बड़ा होता है। शाखाएं मुख्य तनों पर वृत्ताकार रूप में लगी होती हैं बिल्कुल ऊपर और पत्ते उन्हीं शाखाओं पर लगते हैं। उदाहरण : ताड़ जैसे पेड़ पौधे तथा वृक्ष–पर्णांग।*

नीचे दिए गए तीन विकल्पों में से कौन से विकल्प जो पृष्ठ 38 या 39 पर है **(एम.यू.सी. 131, एम.यू.सी. 132, या एम.यू.सी. 133)** आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता है?

एम.यू.सी. 131 वनस्थली, अत्यन्त शुष्कतानुकूलित (शुष्क) पपड़ी जैसी पत्तियों वाले वृक्ष की प्रधानता

पपड़ी जैसी पत्तियों वाले वृक्ष की प्रधानता होती है। उनमें से कई के तने फूले हुए होते हैं निचले भाग में जो अधिकतर मिट्टी में दबे होते हैं।

हो गया।

Sclerophyllous : (दृढ़ पत्तियों वाले) : *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती हैं जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

एम.यू.सी. 132 अत्यन्त शुष्कतानुकूलित कांटों की प्रधानता वाली वनस्थली

ऐसी जातियां जिनमें कांटे होते हैं उनकी प्रधानता होती है। (वह वितान में 50प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं)।

क. क्या पतझड़ी जातियां वितान का 75प्रतिशत से अधिक बनाती हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 1322 में (नीचे)	**एम.यू.सी. 1321 में** (नीचे)

Caespitose : *मोटी चटाई के रूप में मिले हुए या सजे हुए या झुरमुट की तरह। इनके तने नीचे होते हैं जो तृणभूमि या थिगली जैसी रचना बनाती हैं और समूह में उगते हैं।*

एम.यू.सी. 133 अत्यन्त शुष्कतानुकूलित (शुष्क) वनस्थली, मुख्यतः गूदेदार

वृक्ष जैसे स्कैपोज (scapose) तथा झाड़ी जैसे caespitose जो गूदेदार होते हैं बहुत अधिक होते हैं (वितान का 50प्रतिशत से अधिक), साथ में वैसे वृक्ष तथा झाड़ियां भी होती हैं जो शुष्क परिस्थिति में रहने के लिए अनुकूल होते हैं।

Scapose : *ऐसे पौधों में पत्ती रहित फूल के पुष्पदण्ड होते हैं या वैसी रचना होती है।*

Succulent : (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

हो गया।

एम.यू.सी. 1321 अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (शुष्क) वनस्थली जहां कांटों वाली वनस्पति की प्रधानता होती है जो पतझड़ी तथा सदाहरित मिश्रित होते हैं

दोनों, अर्थात पतझड़ी एवं सदाहरित जातियां वितान का 25प्रतिशत से अधिक निर्माण करती हैं।

एम.यू.सी. 1322 अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (शुष्क) वनस्थली जहां कांटों वाली वनस्पतियों की प्रधानता होती है, पूर्णरूप से पतझड़ी

पतझड़ी वाले कांटेदार जातियों की पूरी तरह प्रधानता होती है (वितान का 75प्रतिशत से अधिक इनके कारण होता है)।

हो गया।

एम.यू.सी. 1222 **मुख्यतः पतझड़ी वनस्थली, शीत पतझड़ी जहां सदाहरित भी होते हैं, ऐसे सदाहरित वृक्ष जिनकी पत्तियां सुई जैसी होती हैं**

सदाहरित सुई जैसी पत्तियों वाले वृक्ष उपस्थित होते हैं, जैसे कि सरल (Tsuga) तथा चीड़ (Pine)। उदाहरण : उत्तर पूर्व संयुक्त राज्य की द्विफल–स्थल या बलूत–चीड़ वाली वनस्थलियां।

हो गया।

एम.यू.सी. 1231 **मुख्यतः पतझड़ी वनस्थली, चौड़ी पत्तियों वाली, शीत–पतझड़ी जहां सदाहरित वृक्ष नहीं हैं, चौड़ी पत्तियों वाली**

चौड़ी पत्तियों वाली पतझड़ी जातियां पूरी तरह से प्रधानता रखती हैं (वितान का 75 प्रतिशत से अधिक उनके कारण होता है)।

हो गया।

एम.यू.सी. 1232 **मुख्यतः पतझड़ी वनस्थली, सुई जैसी पत्तियों वाले वृक्ष, शीत–पतझड़ी सदाहरित वृक्ष रहित, सुई जैसी पत्तियों वाली**

सुई जैसी पत्तियों वाली पतझड़ी जातियां पूरी तरह प्रधानता रखती हैं (वितान का 75प्रतिशत से अधिक उनके कारण होता है)।

हो गया।

एम.यू.सी. 1233 **मुख्यतः पतझड़ी वनस्थली, मिश्रित वृक्षों वाली जहां सदाहरित वृक्ष नहीं होते हैं, तथा शीतकाल में पत्ते झड़ते हैं**

चौड़ी पत्तियों वाले तथा सुई जैसी पत्तियों वाले वृक्ष, दोनों ही वितान का 25 प्रतिशत से अधिक बनाते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 2 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ भरी जमीन

झाड़ियों का वितान कम से कम 40 प्रतिशत भूमि को ढकते हैं। इन्हें बनाने वाले ऐसे काष्ठीय पौधे होते हैं जो मिले हुए, एक साथ झुरमुट की तरह जुड़े हुए होते हैं। पौधों की ऊंचाई 0.5 (आधा मीटर) से 5 मीटर तक होती है।

क. क्या आपका स्थल किसी अत्यधिक शुष्क (शुष्कानुकूलित) जलवायु वाले क्षेत्र में है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 23 में (पृष्ठ–47)	**"ख" में** (नीचे)

ख. क्या कम से कम 50प्रतिशत झाड़ियां जो वितान तक पहुंचती हैं सदाहरित हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 21 में (नीचे)	**एम.यू.सी. 22 में** (पृष्ठ–45)

Shrubland (झाड़–झंखाड़ वाली भूमि) : *झाड़ियां एक दूसरे के संपर्क में नहीं होती हैं, कभी कभी झाड़ियों के बीच घास भी उगती हैं। झाड़–झंखाड़ वाली भूमि को भी (वन तथा वनस्थली की तरह) सदाहरित चौड़ी पत्तियों वाली, सदाहरित सुई के जैसी पत्तियों वाली, मुख्यतः पतझड़ी इत्यादि।*

Thicket (झाड़–झंखाड़) : *अलग अलग झाड़ियों की शाखाएं हैं एक–दूसरे में फंसी होती हैं।*

Xeromorphic (शुष्कतानुकूलित) : *जलवायु की स्थिति ऐसी जो ऐसे पेड़ पौधों के विकास में सहायक हो, जो उस प्रकार के वातावरण में उग सकते हैं जहां स्वच्छ जल नहीं है। शुष्कतानुकूलित वातावरण में उगने वाले पौधों में बाहरी परत मोटी होती है, पत्तियों का आकार छोटा होता है। उन पर मोम की परत होती है। चमकदार होते हैं।*

Deciduous (पतझड़ी) : *ऐसी वनस्पति जो उगने के मौसम के अंत में पत्तियों को गिरा देती हैं या जब मौसम अनुकूल नहीं हो तब गिरा देती हैं।*

एम.यू.सी. 21

मुख्यतः सदाहरित वितान कभी भी हरी पत्तियों के बिना नहीं होता है। वितान तक पहुंचने वाली झाड़ियों में कम से कम 50प्रतिशत सदाहरित होते हैं। पृथक पृथक झाड़ियों की पत्तियां झड़ती रहती हैं।

क. क्या सुई के आकार की पत्तियों वाली या दृढ़ पत्तियों वाली झाड़ियां वितान का 50प्रतिशत से अधिक निर्माण करती हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 212 में (पृष्ठ–44)	**एम.यू.सी. 211 में** (पृष्ठ–42)



Evergreen : *ऐसे पेड़ पौधे जिन पर पूरे वर्ष हरी पत्तियां लगी होती हैं। पत्तियां तब तक बनी रहती हैं, जब तक कि नई पत्तियां निकल नहीं आती हैं पुरानी पत्तियों का स्थान लेने के लिए। यह क्रम पूरे वर्ष तक चलता रहता है धीरे धीरे जिस कारण वृक्ष कभी भी नंगा नहीं होता है। सदैव कुछ पत्तियां अवश्य होती हैं जो एक वर्ष से अधिक आयु की होती हैं।*

Broad Leaved (चौड़ी पत्ती वाला) : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां चौड़ी हों, चपटी हों। सुई जैसी नहीं हों।*

Needle- Leaved (सूई के आकार की पत्ती वाला) : *ऐसा पौधा जिसकी पत्तियां पतली तथा लंबी हों।*

Microphyllons : *ऐसे पौधों में पत्तियों में केवल एक अविभाजित शिरा होती है (उदाहरण : मरू भूमि वाली वनस्पति)।*

एम.यू.सी. 211 चौड़ी पत्तियाँ वाली

सदाहरित चौड़ी पत्तियों वाली जातियां प्रधानता रखती हैं (वितान का 50प्रतिशत से अधिक इनके कारण होता है)।

Rosulate : *ऐसे पेड़ पौधे जिनमें पत्तियां वृत्ताकार रूप से लगी होती हैं समूह में।*

Tuft Trees : *काष्ठीय पेड़ पौधे जिनमें पत्तियों का फैला हुआ भाग काफी बड़ा होता है। शाखाएं मुख्य तनों पर वृत्ताकार रूप में लगी होती हैं बिल्कुल ऊपर और पत्ते उन्हीं शाखाओं पर लगते हैं। उदाहरण : ताड़ जैसे पेड़ पौधे तथा वृक्ष–पर्णांग।*

क. क्या झाड़ियों का 50प्रतिशत से अधिक बांस के कारण है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 2111 में	**''ख'' में**
(पृष्ठ–44)	(नीचे)

ख. क्या झुरमुट वाले वृक्ष हैं स्थल पर?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 2112 में	**''ग'' में**
(नीचे)	(पृष्ठ–43)

एम.यू.सी. 2112 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ वाली भूमि, मुख्यतः सदाहरित, चौड़ी पत्तियों वाले, गुच्छेदार वृक्ष

यहां छोटे वृक्ष तथा काष्ठीय झाड़ियां होती हैं। उदाहरण : भूमध्य क्षेत्र वाली भूमि जहां झाड़ियां होती हैं जिनमें छोटे ताड़ जैसे वृक्ष होते हैं या झाड़–झंखाड़ वाली जगह हवाई क्षेत्र में जहां वृक्ष पर्णांग उगते हैं।

हो गया।

ग. नीचे दिए गए तीन विकल्प **(एम.यू.सी. 213 से एम.यू.सी. 215)** में से कौन सा आप के स्थल के लिए सही है?

एम.यू.सी. 2113 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ भरी भूमि, जो मुख्यतः सदाहरित है तथा चौड़ी पत्तियों वाली है।

चौड़ी पत्तियों वाली अर्धदृढ़ पत्तियों वाली गुंथी हुई या जुड़ी हुई झाड़ियां तथा वनस्पति जिन पर छोटी मुलायम पत्तियां होती हैं (Caespitose, रेंगने वाली या वास किए हुए बहुत छोटे पौधे जिनकी कलियां बाहर होती हैं। उदाहरण : अधपर्वतशिखरीय Rhododendrom की झाड़ियां या Hiciscus tiliaeceus के झाड–झंखाड़ जो हवाई में मिलते हैं)

हो गया।

एम.यू.सी. 2114 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ भरी भूमि मुख्यतः सदाहरित, चौड़ी पत्तियों वाली, चौड़ी दृढ़ पत्तियों वाली

प्रधानता ऐसी झाड़ियों की होती है जिनकी पत्तियां चौड़ी तथा दृढ़ होती हैं या ऐसे वृक्षों की जो अप्रौढ़ होते हैं। (उदाहरणः Chapparal तथा macchia)। कभी–कभी बाग, घास के मैदान या बंजर भूमि से मिल जाते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 2115 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ भरी भूमि, मुख्यतः सदाहरित, चौड़ी पत्तियों वाली वनस्पति जिनका, निचला भाग काष्ठीय होता है तथा ऊपर शाकीय होते हैं

बहुत छोटे पुष्प वाले पौधे जो अधकाष्ठीय होते हैं जिनके ऊपरी भाग शुष्क वर्षों में झड़ जाते हैं (उदाहरण : Cistus की झाड़ी)।

हो गया।

Graminoid : *घास तथा घास जैसे पौधे।*

Hemi-schlerophyllous : *ऐसी वनस्पति जिन में पत्तियां थोड़ी मोटी होती हैं, बड़ी तथा मुलायम होती हैं जिन से पानी आसानी से वाष्प बन कर बाहर नहीं जाता है। उदाहरण : अधपर्वतीयशिखर क्षेत्र में उगने वाले*

Lignified : *काष्ठीय सख्त। कोशिकाओं में लिगनीन के जमा होने के कारण काष्ठीय हो जाते हैं।*

Microphaneophytes : *छोटे पौधे जिन पर पुष्प लगते हैं।*

Nanophanesophytes : *बहुत सूक्ष्म पौधे जिन पर पुष्प लगते हैं।*

Phanesophytes : *पौधों को इस आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है कि प्रसुप्ति वाले समय कली किस प्रकार की होती है तथा कहां लगती है (शीत या शुष्क मौसम में)। परिस्थिति जितनी ही कठिन होगी कलियां उतनी ही अधिक ढकी हुई होंगी।*

Sclerophyllous (दृढ़ पत्ती वाले) : *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती हैं जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

Suftruticose : *छोटे पौधों के विषय में जिनका केवल निचला भाग काष्ठीय होता है। ऊपर का भाग शाकीय होता है। इसके उदाहरण मिलते हैं भिसा तथा वनजवायन जैसे पौधों में जो पर्वतीशिखर वाले क्षेत्र में उगते हैं इनका शाकीय भाग मर जाता है जब ठंड या सूखा के कारण वातावरण प्रतिकूल होता है। केवल नीचे का भाग जीवित रहता है ऐसी परिस्थिति में।*

एम.यू.सी. 2111 **झाड़ी या झाड़–झंखाड़, मुख्यतः सदाहरित, चौड़ी पत्तियों वाले, छोटे बांस**

बांस की जातियों की प्रधानता होती है (रेंगने वाले काष्ठीय घास तथा घास जैसी वनस्पति जो nano- या microphanesophytes होते हैं वह होते हैं)।

हो गया।



Graminoid : *घास तथा घास जैसे पौधे।*

Lignified : *काष्ठीय सख्त। कोशिकाओं में लिगनीन के जमा होने के कारण काष्ठीय हो जाते हैं।*

Microphaneophytes : *छोटे पौधे जिन पर पुष्प लगते हैं।*

Nanophanesophytes : *बहुत सूक्ष्म पौधे जिन पर पुष्प लगते हैं।*

Phanesophytes : *पौधों को इस आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है कि प्रसुप्ति वाले समय कली किस प्रकार की होती है तथा कहां लगती है (शीत या शुष्क मौसम में)। परिस्थिति जितनी ही कठिन होगी कलियां उतनी ही अधिक ढकी हुई होंगी।*

एम.यू.सी. 212 **सुई जैसी पत्तियों वाले या बहुत छोटी पत्तियों वाले**

प्रधानता (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक) ऐसी जातियों की होती हैं जिन पर सुई जैसी पत्तियां या बहुत छोटी पत्तियां लगती हैं।

क. क्या सुई जैसी पत्तियों वाली झाड़ियां उस वितान का 50 प्रतिशत से अधिक बनाती हैं जो झाड़ियों के कारण बनता है?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 2121 में** (नीचे)

अगर नहीं, तो जाएं **एम.यू.सी. 2122 में** (पृष्ठ–45)

एम.यू.सी. 2121 **झाड़ी या झाड़–झंखाड़ वाली भूमि, मुख्यतः सदाहरित, सुई जैसी पत्तियों वाली या छोटी पत्तियों वाली सुई जैसी पत्तियों वाली**

यहां रेंगने (फैलने) वाली या ऐसी वनस्पति जो ठहरी हुई होती है और जिनकी पत्तियां सुई के आकार की होती हैं वह होती हैं और वह झाड़ी के आकार की होती हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 2122 झाड़ी या झाड़ झंखाड़ वाली भूमि, मुख्यतः सदाहरित, सुई जैसी पत्तियों वाली या छोटी पत्तियों वाली, छोटी पत्तियों वाली

सदाहरित जातियों वाले जिन पर छोटी पत्तियां लगती हैं (उदाहरण : मरूभूमि वाले पौधे) या पत्तियों पर केवल एक अविभाजित शिरा होती है। अधिकतर उष्णकटिबंधी अधपर्वतशिखरीय क्षेत्र में।

नोट : कृपया पृष्ठ IV पर उष्णकटिबंधी की परिभाषा देखें।

Sulalpine : (अधपर्वतशिखरीय) *जो पर्वतों पर होते हैं, वृक्ष सीमा के नीचे।*

हो गया।

एम.यू.सी. 22 मुख्यतः पतझड़ी

अधिकतर झाड़ियां (जो वितान का 50प्रतिशत से अधिक बनाती हैं) अपनी पत्तियां एक साथ गिराती हैं जब प्रतिकूल मौसम होता है (शीत या सूखा)।

क. क्या शीत के कारण पतझड़ी झाड़ियां अपनी पत्तियां गिराती हैं?

नोट : यदि शीत के कारण झाड़ियां अपनी पत्तियां नहीं गिराती हैं तो सूखा के कारण पत्तियां गिरती हैं।

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 223 में (पृष्ठ–46)	**"ख" में** (नीचे)

ख. क्या सूखा के कारण पत्तियाँ गिराने वाली झाड़ियाँ विलन का 75प्रतिशत से अधिक बनाती हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 222 में (पृष्ठ–46)	**एम.यू.सी. 221 में** (नीचे)

एम.यू.सी. 221 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ से भरी भूमि, मुख्यतः पतझड़ी, सूखा के कारण पतझड़ वाली जहां सदाहरित काष्ठीय पौधे भी होते हैं

सूखा के कारण पतझड़ वाली झाड़ियों की प्रधानता होती है (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक) तथा उनके साथ कम से कम 25प्रतिशत सदाहरित काष्ठीय पौधे मिले होते हैं। प्रतिकूल मौसम का मुख्य कारण सूखा होता है।

हो गया।

एम.यू.सी. 222 झाड़ी या झाड़–झंखाड़, मुख्यतः पतझड़ी, सूखा के कारण पतझड़ वाले तथा बिना सदाहरित काष्ठीय पौधों वाले

सूखा के कारण पतझड़ वाली झाड़ियां पूरी तरह प्रधानता रखती हैं (वितान का 75 प्रतिशत से अधिक)। प्रतिकूल मौसम का मुख्य लक्षण होता है सूखा।

हो गया।

एम.यू.सी. 223 शीत–पतझड़ी

प्रतिकूल मौसम का मुख्य लक्षण होता है शीतकाल का पाला। पतझड़ी झाड़ियां प्रधानता रखती हैं (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक)।

क. क्या वह स्थल अधपर्वतशिखरीय या अधध्रुवीय वातावरण में है?

अगर हाँ, तो जाएं **एम.यू.सी. 2232 में** (पृष्ठ–47)

अगर नहीं, तो जाएं **एम.यू.सी. 2231 में** (नीचे)

नोट : *कृपया पृष्ठ IV पर अधध्रुवीय क्षेत्र की परिभाषा देखें।*

Sulalpine : (अधपर्वतशिखरीय) *जो पर्वतों पर होते हैं, वृक्ष सीमा के नीचे।*

एम.यू.सी. 2231 झाड़ी या झाड़–झंखाड वाली भूमि, मुख्यतः पतझड़ी, शीत पतझड़ी, शीतोष्ण

यहां घनी झाड़ियां होती हैं साथ में बहुत कम शाकीय पौधे हो सकते हैं या नहीं भी। शाकीय पौधे नीचे उगते हैं। बहुत कम या बिल्कुल ही अनुपस्थित होते हैं ऐसे पौधे जो पुष्प का निर्माण नहीं करते हैं अर्थात अनुपुष्पी पादप।

हो गया।

Cryptogam (अनुपुष्पी) : *ऐसा पौधा जो बीजाणुजात से प्रजनन करता है तथा इनमें पुष्प नहीं लगते हैं। उदाहरण : पर्णांग, मॉस, शैवाल, फफूंद इत्यादि।*

नोट : *कृपया पृष्ठ IV पर शीतोष्ण की परिभाषा देखें।*

एम.यू.सी. 2232 झाड़ी या झाड़ झंखाड़ वाली भूमि, मुख्यतः पतझड़ी, शीत–पतझड़ी, अधपर्वतशिखरीय तथा अधध्रुवीय

सीधी खड़ी या दूसरों पर जमी चटाई जैसी झाड़ियों की बनी हुई होती है जिनमें वनस्पतिक पुनरूद्धार की क्षमता बहुत अधिक होती है। आम तौर पर इन पर साल के आधे समय बर्फ पड़ी होती है।

हो गया।

एम.यू.सी. 23 अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (अधमरूभूमि) झाड़ियों वाली भूमि

बहुत खुले हुए पौधों के समूह जो झाड़ियां होती हैं और जिनमें सूखे वातावरण में जीवित रहने की क्षमता कई कारणों से होती है, उदाहरण के लिए : पत्तियां बहुत मोटी तथा सख्त, पत्तियां बहुत छोटी, हरी शाखाएं जिन पर पत्तियां नहीं होती हैं, या गूदादार शाखाएं, जिनमें कुछ पर कांटे होते हैं।

क. क्या झाड़ियों के वितान का 50 प्रतिशत से अधिक सदाहरित जातियों के कारण बनता है ?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 231 में	**एम.यू.सी. 232 में**
(पृष्ठ–48)	(पृष्ठ–49)

Succulent : (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

Deciduous (पतझड़ी) : *ऐसी वनस्पति जो उगने के मौसम के अंत में पत्तियों को गिरा देती हैं या जब मौसम अनुकूल नहीं हो तब गिरा देती हैं।*

Evergreen : *ऐसे पेड़ पौधे जिन पर पूरे वर्ष हरी पत्तियां लगी होती हैं। पत्तियां तब तक बनी रहती हैं, जब तक कि नई पत्तियां निकल नहीं आती हैं पुरानी पत्तियों का स्थान लेने के लिए। यह क्रम पूरे वर्ष तक चलता रहता है धीरे धीरे जिस कारण वृक्ष कभी भी नंगा नहीं होता है। सदैव कुछ पत्तियां अवश्य होती हैं जो एक वर्ष से अधिक आयु की होती हैं।*

एम.यू.सी. 231 मुख्यतः सदाहरित

वितान कभी भी बिना पत्तियों के नहीं रहता है। झाड़ियां जो वितान तक पहुंचती हैं उनका कम से कम 50प्रतिशत सदाहरित होता है। कभी कभी जब कोई वर्ष बहुत शुष्क रहता है तो कुछ पत्तियां तथा शाखाएं इत्यादि झड़ सकती हैं।

क. क्या पतझड़ वाली झाड़ियों के वितान का 25 प्रतिशत से अधिक बनाती हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 2312 में (नीचे)	**एम.यू.सी. 2311 में** (नीचे)

एम.यू.सी. 2311 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ वाली भूमि, अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (अधमरूभूमि) झाड़ियों वाली जगह, मुख्यतः सदाहरित, अमिश्रित सदाहरित

यह बनती है चौड़ी पत्तियों वाली झाड़ियों से जो अधिकतर शुष्कतानुकूलित होती हैं (उदाहरण : mulga झाड़ियां, आस्ट्रेलिया में) बिना पत्ती के हरे तनों वाले पौधे (उदाहरण : Retama retam) या गूदेदार पौधे जिनमें प्रधानता होती है तरह–तरह से विभाजित तनों वाले तथा गूदादार पत्तियों वाली जातियों की।

Sclerophyllous : (दृढ़ पत्ती वाले) : *ऐसे पौधे प्रायः सदाहरित पत्तियों वाले होते हैं। उनकी पत्तियां मजबूत तथा दृढ़ होती हैं। ऐसी पत्तियां मुरझा जाने के पर भी अपनी दृढ़ता बनाए रहती हैं। ऐसी वनस्पति बहुतायत से ऐसे क्षेत्र में होती हैं जहां लंबे समय के लिए गरमी के मौसम में सूखा पड़ता है। शीतकाल में सीमित मात्रा में वर्षा होती है जिसके विषय में पहले से जानकारी होती है।*

हो गया।

एम.यू.सी. 2312 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ वाली जगह, अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (अधमरूभूमि) झाड़ी वाली भूमि, मुख्यतः सदाहरित, अध–पतझड़ी

ठनमें ऐसी झाड़ियां हो सकती हैं जो पतझड़ी हैं परन्तु भिन्न परिस्थिति में भी रह सकती हैं और पत्तियां झड़ भी सकती हैं या नहीं भी (उदाहरण : Atriplex-kochia नमक वाली झाड़ियां जो आस्ट्रेलिया तथा उत्तरी अमरीका में होती हैं) या सम्मिश्रण होता है सदाहरित तथा पतझड़ी झाड़ियों का (अर्थात सदाहरित झाड़ियां प्रधानता रखती हैं, पतझड़ी झाड़ियां 25प्रतिशत से अधिक भाग में होती हैं)।

Facultative plants : (विकल्पी वनस्पति) *ऐसे पेड़ पौधे जो वैकल्पिक जीवन शैली को अपना सकते हैं। विकल्पी पतझड़ी झाड़ी या तो अपनी पत्तियां गिरा देंगी या उसे नहीं गिराएंगी। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वातावरण किस प्रकार का है। इनके विपरीत बाध्य पेड़ पौधे केवल एक खास प्रकार की जीवन शैली को ही अपना सकते हैं।*

हो गया।

एम.यू.सी. 232 मुख्यतः पतझड़ी

अधिकतर झाड़ियां (वितान का 50 प्रतिशत से अधिक) अपनी पत्तियां एक साथ गिरा देती हैं जब मौसम प्रतिकूल होता है (ठंडा या सूखा पड़ने पर)।

क. क्या गूदादार पौधे भूमि का कम से कम 25प्रतिशत भाग ढकते हैं ?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 2322 में (नीचे)	**एम.यू.सी. 2321 में** (नीचे)

Succulent (गूदादार): *ऐसे पौधों में पत्तियां तथा तने मोटे, रसदार तथा गूदादार होते हैं। इनकी बनावट कोमल होती है जिसमें नमी (पानी) जमी रहती है।*

एम.यू.सी. 2321 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ भरी भूमि, अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (अधमरूस्थल) झाड़ियों वाली भूमि, मुख्यतः पतझड़ी, गूदादार पौधों के रहित

गूदेदार पौधे भूमि का 25प्रतिशत से कम स्थान को ढकते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 2322 झाड़ी या झाड़–झंखाड़ वाली जगह, अत्यधिक शुष्कतानुकूलित (अधमरूस्थल) झाड़ियों वाली जगह, मुख्यतः पतझड़ी गूदेदार पौधों वाले

गूदेदार पेड़ पौधे भूमि का कम से कम 25प्रतिशत भाग ढके होते हैं।

हो गया।

एम.यू.सी. 3 बौने झाड़ियों वाली भूमि या बौने झाड़ झंखाड़

झाड़ियां बिरले ही 50 से.मी. से अधिक ऊंची होती हैं (कभी–कभी उन्हें बीढ़ वाली या बंजर जैसी भूमि के नाम से जाना जाता है)। झाड़ियों के वितान भूमि का कम से कम 40प्रतिशत ढकते हैं। झाड़ियों से ढके क्षेत्र की सघनता में अन्तर होता है इस आधार पर कि वहां बौनी झाड़ियां हैं या बौने झुरमुट वर्ग की वनस्पति है।

क. क्या वह स्थल अधध्रुवीय वृक्ष सीमा के ऊपर है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 34 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–59)	(नीचे)

ख. क्या वह स्थल अत्यधिक शुष्क (शुष्कता–नुकूलित) वातावरण वाले क्षेत्र में है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 33 में	**"ग" में**
(पृष्ठ–57)	(नीचे)

ग. क्या कम से कम 50प्रतिशत झाड़ियां जो वितान तक पहुंचती हैं सदाहरित हैं?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 31 में	**एम.यू.सी.32 में**
(नीचे)	(पृष्ठ–54)

एम.यू.सी. 31 मुख्यतः सदाहरित

वितान कभी भी बिना हरी पत्तियों के नहीं रहता है। वितान तक पहुंचने वाली झाड़ियों में से कम से कम 50प्रतिशत सदाहरित होते हैं। अलग–अलग झाड़ियां अपनी पत्तियां गिरा सकती हैं।

अगले पृष्ठ पर जाएं।

Dwarf Shrubland : *अलग–अलग बौनी झाड़ियां अकेली होती हैं या साथ मिली हुई।*

Dwarf Thicket : *झाड़ियों की अलग–अलग शाखाएं एक दूसरे में फंसी होती हैं।*

नोट : *कृपया पृष्ठ IV पर अधध्रुवीय क्षेत्र की परिभाषा देखें।*

Xeromorphic (शुष्कतानुकूलित) : *जलवायु की स्थिति ऐसी जो ऐसे पेड़ पौधों के विकास में सहायक हो, जो उस प्रकार के वातावरण में उग सकते हैं जहां स्वच्छ जल नहीं है। शुष्कतानुकूलित वातावरण में उगने वाले पौधों में बाहरी परत मोटी होती है, पत्तियों का आकार छोटा होता है। उन पर मोम की परत होती है। चमकदार होते हैं। Xeromorphic शब्द बना है "Xero" जिसका अर्थ होता है "शुष्क" तथा "morphic" से तथा जिसका अर्थ है "रूप"।*

Deciduous (पतझड़ी) : *ऐसी वनस्पति जो उगने के मौसम के अंत में पत्तियों को गिरा देती हैं या जब मौसम अनुकूल नहीं हो तब गिरा देती हैं।*

नोट : *कुछ झाड़ियों की जातियां ऐसी होती हैं जो किसी एक वर्ष में अपनी पत्तियां बनाए रखती हैं तथा दूसरे वर्ष जब वातावरण बहुत प्रतिकूल होता है तो पत्तियों को गिरा देती हैं। अगर उन्हें सदाहरित वर्ग में रहना है तो हर वर्ष उन पर ही पत्तियां रहनी चाहिए।*

क. क्या झाड़ियों के कारण भूमि के ढके होने में अलग–अलग झाड़ियों के वितान के मिले होने का योगदान होता है?

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 311 में	**"ख" में**
(पृष्ठ–52)	(पृष्ठ–52)



एम.यू.सी. 312 बौने झाड़ियों वाली भूमि

खुले हुए या कम घने रूप से बौनी झाड़ियां भूमि को ढके होती हैं। झाड़ियों के वितान एक दूसरे से मिले हुए नहीं होते हैं अर्थात अलग–अलग रहते हैं। शाकीय वनस्पति (अर्थात घास तथा forbs) भूमि का 25प्रतिशत से कम भाग ढकता है।

Forb : *चौड़ी पत्तियों वाले शाकीय पौधे, घास के अतिरिक्त। उदाहरण : Cloves, सूरजमुखी, पर्णांग तथा छोटे छोटे खर पतवार।*

नोट : *अगले वर्ग (स्तर) के लिए केवल एक विकल्प है।*

जाएं **एम.यू.सी. 3121** (नीचे)।

एम.यू.सी. 3121 बौनी झाड़ियों से ढकी भूमि या बौने झाड़–झंखाड़, मुख्यतः सदाहरित, बौनी झाड़ियों से भरी भूमि, गद्दी

झाड़ियां अलग–अलग होती हैं झुरमुट के रूप में जिनसे घनी गद्दियां बनती हैं और प्रायः कांटे वाले होते हैं (उदाहरण : Astragalus and Acantholimon साही जैसी झाड़ियां जो पूर्वी–भूमध्य क्षेत्र के पर्वत)।

हो गया।

ख. क्या शाकीय वनस्पति भूमि का 25प्रतिशत से अधिक ढके हुए हैं।

अगर हाँ, तो जाएं	अगर नहीं, तो जाएं
एम.यू.सी. 313 में	**एम.यू.सी. 312 में**
(पृष्ठ–53)	(पृष्ठ–51)

एम.यू.सी. 311 बौने झुरमुट

यहां आपस में मिली घनी बौनी झाड़ियां भूमि को ढकती हैं, जो भू–दृष्य पर इस प्रकार फैली हैं कि उनकी प्रधानता होती है।

क. नीचे दिए गए दो विकल्प **(एम.यू.सी. 3111 या एम.यू.सी. 3112)** में से कौन सा आपके स्थल को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करती है?

एम.यू.सी. 3111 बौनी झाड़ियों वाली भूमि या बौने झुरमुट, अधिकतर

सदाहरित, बौनी झुरमुट, Caespitose झाड़ियों की शाखाएं सीधी खड़ी होती हैं तथा उन पर प्रायः लाइकेन उगते हैं जो पन्नी जैसे होते हैं। गद्दे जैसे मॉस, लाइकेन तथा अन्य शाकीय पौधे प्रायः भूमि पर मिलते हैं (उदाहरण : Calluna झाड़–झंखाड़)

हो गया।

एम.यू.सी. 3112 बौनी झाड़ियों वाली भूमि या बौने झुरमुट, मुख्यतः सदाहरित, बौने झुरमुट, रेंगने वाले

झाड़ियों की शाखाएं भूमि पर रेंगती हैं। अलग–अलग तरह की झाड़ियां (उदाहरण : thallocham. aphytes) जिनकी शाखाएं गड़ी होती हैं (उदाहरण : Loiseleuria झाड़–झंखाड़)

हो गया।

Herbaceous (शाकीय) : *इस प्रकार के पौधे काष्ठीय पौधों से भिन्न होते हैं। यह संवहनी वाले पौधे होते हैं जो धरातल से लगे होते हैं। इनकी पत्तियां प्रत्येक वर्ष झड़ जाती हैं। तने का बढ़ने वाला भाग जमीन के ठीक ऊपर या जमीन के नीचे होता है।*

Bryophyte (ब्रायोफाइट) : *पुष्परहित वनस्पति जिनमें असली जड़ नहीं होती है। उनकी जगह मूलाभास होते है।*

Caepitose : *मोटी चटाई के रूप में मिले हुए या सजे हुए या झुरमुट की तरह। इनके तने नीचे होते हैं जो तृणभूमि या थिगली जैसी रचना बनाती हैं और समूह में उगते हैं।*

Follose : *पत्तियों जैसे जो पतले खण्डों से बना हो।*

